पूर्णग्रन्थि सुपक्वं च पाण्डुरं समयाहृतम् ॥ ५७ ॥

अथवा तुरन्त वध किये गये बकरे के चर्म को रोयें रहित (निर्लोम) कर के उसके तन्तु (तांत) से निर्माण कर के उससे गुण तैयार होता है। पूर्वोक्त प्रकार से उत्तम गुण बनाना चाहिये ।। ५३ ।।

पके बांस के छाल (बल्कल) को रेशम के साथ मिला कर और उसको बट कर तैयार किया हुआ गुण युद्ध में सब प्रकार की आकर्षण-विकर्षण क्रिया को सहन करने में समर्थ होता है ।। ५४ ।।

भादो मास (भाद्रपद) में अर्क (मदार) वृक्ष की छाल (बल्कल) ले कर उसके बीच के सब सूक्ष्म सूत को निकाल कर उस सूत से (पूर्वोक्त प्रकार से) गुण तैयार करना चाहिये । वह सस्ता, स्थायी और दृढ़ होता है। धनुष का गुण मुञ्जयुक्त (मुंज से युक्त) या भंग नाड़ी से तैयार किया जाना चाहिये ।। ५५ ।।

बाण का लक्षण

इसके पश्चात् अच्छे बाण (शर) का लक्षण कहूँगा । तीर के निर्माण के लिए शर नामक तृण विशेष (सरहरी सरकंडा) न तो बहुत मोटा होना चाहिए और न तो बहुत पतला । वह कच्चा न हो और खराब भूमि में पैदा हुआ न हो ।। ५६ ।।

बिना गाँठ वाले और चिटके हुये शर को बाण के लिए उपयोग न करना चाहिये । ठीक समय (वर्षा आदि न हो) पर शरत्काल में पूर्ण गाँठ

शरवंशा गृहीतव्या शरत्काले च गाधिज ! ॥ ५८ ॥
कठिनं वर्त्तुलं काण्डं गृह्णीयात् सुप्रदेशजम् ।
द्वौ हस्तौ मुष्टिहीनौ च दैर्घ्ये स्थूले कनिष्ठिका
विधेया शरमानेषु यन्त्रे चाकर्षयेत् ततः ॥ ५९ ॥
काकहंसशशादानां मत्स्यादक्रौञ्चकेकिनाम् ।
गृध्राणां कुरराणाञ्च पक्षा एते सुशोभनाः ॥ ६० ॥
षडङ्गुलप्रमाणेन पक्षच्छेदञ्च कारयेत् ।
दशाङ्गुलमिता पक्षा शार्ङ्गचापस्य मार्गणे ॥ ६१ ॥
योज्या दृढाश्चतुः संख्या सन्नद्धाः स्नायुतन्तुभिः ।
शराश्च त्रिविधा ज्ञेयाः स्त्रीपुंसाश्च नपुंसकः ।
अग्रस्थूलो भवेन्नारी पश्चात् स्थूलो भवेत् पुमान् ॥ ६२ ॥

वाले, भलीभांति पक कर पीले पड़ गये शर (सरहरी) को ले आना चाहिये ॥ ५७-५८ ॥

हे विश्वामित्र ! उत्तम भूमि में पैदा हुये कड़े, गोलाकार, सरकंडा (या सरहरी) के काण्ड को तीर के लिये लिया जाना चाहिए। एक मुट्ठी (मुष्टि या पाँच अंगुल) कम दो हाथ लम्बे और कनिष्ठिका (कनगुरी) के समान मोटे बाण बनाना चाहिये

यदि शर में कहीं वक्रता (टेढ़ापन) रहे तो उसको दूर करने के लिए यन्त्र में डाल कर उसको सीधा कर लेना चाहिये ॥ ५९ ॥

कौआ, हंस, बाज, क्रौंच, बटेर, गिद्ध, कुरल (चील्ह), टिटिहरी इन सब पक्षियों के पंख बाण के पृष्ठ भाग (पंख) में लगाने के लिए अच्छे होते हैं ॥ ६० ॥

प्रत्येक शर (बाण) में चार पंख बराबर कर के संयोजित करना चाहिये। सभी पंख छः अंगुल नाप के होने चाहिये। जो बाण शार्ङ्ग धनुष के लिये बनाना हो उनमें दश अंगुल नाप के पंख लगाने चाहिये। बाँस के बनाये गये धनुष के प्रयोग के लिए बाण में चार पंख स्नायु तन्तु से मजबूती से बाँधना चाहिये ॥ ६१ ॥

स्त्री, पुरुष और नपुंसक--ये तीन प्रकार के बाण होते हैं। जिस बाण का आगे का भाग मोटा हो वह 'स्त्री बाण' कहलाता है। जिस बाण का पिछला भाग मोटा हो उसको 'पुरुष बाण' कहते हैं ॥ ६२ ॥

समो नपुंसको ज्ञेय तल्लक्ष्यार्थं प्रशस्यते ।
दूरपातो युवत्या च पुरुषो भेदयेद् दृढम् ॥ ६३ ॥

अथ फललक्षणम्

आरामुखं क्षुरप्रञ्च गोपुच्छं चार्द्धचन्द्रकम् ।
सूचीमुखञ्च भल्लञ्च वत्सदन्तं द्विभल्लकम् ॥ ६४ ॥
कर्णिकं काकतुण्डं च तथान्यान्यप्यनेकशः ।
फलानि देशभेदेन भवन्ति बहुरूपतः ॥ ६५ ॥

अथैतेषां कर्म्माणि

आरामुखेन चर्म्मछेदनम्, क्षुरप्रेण बाणकर्त्तनम् ।
वा बाहुकर्त्तनम्, गोपुच्छेन लक्ष्यसाधनम्, अर्द्धचन्द्रेण ग्रीवा, मस्तकधनुरादीनां छेदनं, सूचीमुखेन कवचभेदनम्, भल्लेन हृदय-भेदनम्, वत्सदन्तेन गुणचर्ब्वणम्, द्विभल्लेन बाणावरोधनम्,

---

जिस बाण के आगे और पीछे दोनों ओर के भाग सम हों उसको नपुंसक जाति का बाण कहते हैं। ऐसा ही बाण लक्ष्यवेध के लिए उत्तम कहा गया है। स्त्रीजाति बाण द्रुतगामी होता है और पुरुष जातीय बाण दूरस्थित लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है ॥ ६३ ॥

फल के लक्षण

बाण के फल आरामुख, क्षुरप्र, गोपुच्छ, अर्द्धचन्द्रक, सूचीमुख, भल्ल, वत्सदन्त, द्विभल्लक, कर्णिक और काकतुण्ड—ये दस प्रकार के होते हैं। इनके अतिरिक्त देशभेद से अन्य अनेक प्रकार के बहुत से फल होते हैं ॥ ६४-६५ ॥

इन फलों के कर्म

'आरामुख' नामक फल से चर्म (ढाल) का बेध किया जाता है। 'क्षुरप्र' नामक फल से धनुष छेदन या बाण कर्त्तन या बाहुकर्त्तन किया जाता है। 'गोपुच्छ' नामक फल लगे हुए बाण से लक्ष्य साधन अर्थात् लक्ष्य पर बाण मारने का अभ्यास किया जाता है। 'अर्द्धचन्द्र' नामक बाण से मस्तक, गर्दन और धनुष आदि का छेदन किया जाता है। 'सूचीमुख' फल युक्त बाण से कवच का भेदन, भल्ल नामक बाण से हृदय को बेधन, वत्सदन्त

कर्णिकेन लोहमयबाणानां छेदनम्, काकतुण्डेन वेध्यानां वेधं कुर्य्यात् ॥ ६६ ॥

अन्यद्गोपुच्छकं ज्ञेयं शुद्धकाष्ठविनिर्म्मितम् ।
मुखे च लोहकण्टेन विद्धंत्र्यङ्गुलसम्मितम् ॥ ६७ ॥

बाणस्य फल स्थाने (लह) कण्टकयोजनात् गोपुच्छबाणो भवति । अनेन शराभ्यासस्तथा लक्ष्याभ्यासो वा कर्त्तव्यः ॥ ६८ ॥

अथ पायनं (शरोपरि औषधलेपनम्) ।

इषु फले शरवंशामूललेपनाद्

भवति, तच्चिह्नमेतत् । यस्मिन् शरवंशसमूहे स्वातिविन्दुर्निपतति स पीतवर्णो भवति । तस्य मूले विषमुत्पद्यते, तन्मूलं ग्राह्यं । स च सर्वदा पवनाभावेऽपि कम्पते, इदमेव तल्लक्ष्मेति ॥ ६९ ॥

फलस्य पावनं वक्ष्ये दिव्यौषधिविलेपनैः ।
येन दुर्भेद्यवर्म्माणि भेदयेत्तरुपर्णवत् ॥ ७० ॥

बाण से गुण को नष्ट करना, द्विभल्ल बाण से बाण को रोकने का काम, कर्णिक बाण से लोहमय बाणों का छेदन और काकतुण्ड बाण से बेधने योग्य वस्तु का वेध करना चाहिये ॥ ६६ ॥

गोपुच्छ नामक बाण सूखे हुए शुद्ध काठ (लकड़ी) से बनता है । उसके मुख में तीन अंगुल का लोह कण्टक लगा हुआ रहता है ॥ ६७ ॥

बाण के फल स्थान पर लोह कण्टक युक्त करने से गोपुच्छ नामक बाण होता है । इस बाण के द्वारा बाण चलाने का अभ्यास और लक्ष्य का अभ्यास करना चाहिए ॥ ६८ ॥

बाण के ऊपर औषधि का लेपन

बाण के फल के ऊपर शरवंश (सरकंडे) के मूल को पीस कर और उसका लेप कर के उस बाण के मारने से जो घाव होता है वह असाध्य होता है । जिस शरवंश के समूह पर वर्षाकाल में स्वाती नक्षत्र का जल गिरता है वह पीले रंग का हो जाता है । उसकी जड़ में विष पैदा हो जाता है । वह विना हवा के भी काँपता रहता है । यही उसकी पहचान है । उस शरवंश की जड़ को खोद कर ले लेना चाहिये ॥ ६९ ॥

बाण के फल पर दिव्य औषधि के विलेपन की विधि बताता हूँ जिस विलेपित बाण द्वारा दुर्भेद्य लोहे (लोहवर्म) को भी वृक्ष के पत्ते की भाँति बेधा जा सकता है ॥ ७० ॥

पिप्पली सैन्धवं कुष्टं गोमूत्रेतु सुपेषयेत् ।
अनेन लेपयेच्छस्त्रं लिप्तं चाग्नौ प्रतापयेत् ॥ ७१ ॥
शिखिग्रीवानुवर्णाभं तप्तपीतं तथौषधम् ।
ततस्तु विमलं तोयं पाययेच्छस्त्रमुत्तमम् ॥ ७२ ॥

अथ नाराच-नालीकशतघ्नीनां वर्णनम्

सर्वलोहास्तु ये बाणा नाराचास्ते प्रकीर्त्तिताः ।
पञ्चभिः पृथुलैः पक्षैर्युक्ताः सिद्ध्यन्ति कस्यचित् ॥ ७३ ॥

नालीका लघवो बाणा नलयन्त्रेण नोदिताः ।
अत्युच्चदूरपातेषु दुर्गयुद्धेषु ते मताः ॥ ७४ ॥
सिंहासनस्य रक्षार्थं शतघ्नं स्थापयेत् गढे ।
रंजकबहुलं तत्र स्थाप्यं वटयो धीमता ? ॥ ७५ ॥

पिप्पली, सेंधानमक, कूठ (वणिक द्रव्य विशेष) इन तीनों द्रव्यों को गोमूत्र से पीस लें। फिर उसको बाण के फल या अन्य किसी अभीष्ट शस्त्र पर लेप करे। इसके बाद उसको अग्नि में तपा लें (गरम कर ले) ॥७१॥

गरम करने पर यह औषधि मोर पक्षी के गरदन की तरह नीले रंग की हो जाती है। फिर उस उत्तम शस्त्र पर स्वच्छ जल डाल कर उसको तर कर देना चाहिये। इस प्रकार उस पर पानी चढ़ जाने पर वह बाण जहरीला हो जाता है ॥ ७२ ॥

नाराच नालीक और शतघ्नी का वर्णन

जो बाण सर्व लोहमय (पूरा लोहे का) होता है उसको 'नाराच' कहते हैं। इस वाण में पाँच पंख आबद्ध रहते हैं। यह नाराच वाण कोई कोई धनुर्धर ही चलाने में सिद्ध होता है। यह सब के बश का नहीं होता ॥७३॥

नालीक छोटे बाण होते हैं, जो नालिक यन्त्र द्वारा चलाये (फेंके) जाते हैं। ये नालीक बाण उच्च दूर स्थानों में तथा किले में रह कर युद्ध करने में अच्छे माने जाते हैं। ये नालीक बाण आधुनिक बन्दूक अस्त्र के अनुरूप होते हैं ॥ ७४ ॥

सिंहासन की रक्षा के लिए किले में बुद्धिमान योद्धाओं को शतघ्नी और प्रचुर मात्रा में गोला बारूद संग्रह कर के रखना चाहिए ॥ ७५ ॥

अथ स्थानमुष्ट्याकर्षणलक्षणानि

स्थान्यष्टौ विधेयानि योजने भिन्नकर्म्मणाम् ।
मुष्टयः पञ्च समाख्याता व्यायाः पञ्च प्रकीर्त्तिताः ॥ ७६ ॥

अग्रतो वामपादश्च दक्षिणं चानुकुञ्चितम् ।
प्रत्यालीढं प्रकर्त्तव्यं हस्तद्वयसविस्तरम् ॥ ७७ ॥

आलीढ़े तु प्रकर्त्तव्यं सव्यं चैवानुकुञ्चितम् ।
दक्षिणन्तु पुरस्ताद्वा दूरपाते विशिष्यते ॥ ७८ ॥

पादौ सविस्तरौ कार्य्यौ समौ हस्तप्रमाणतः ।
विशाखस्थानकं ज्ञेयं कूटलक्ष्यस्य वेधने ॥ ७९ ॥

स्थान, मुष्टि और आकर्षण के लक्षण

युद्ध के समय कभी खड़े हो कर, कभी तिरछे होकर और कभी बैठ कर बाण चलाना पड़ता है । आवश्यकता के अनुसार इन अवस्थाओं के विभिन्न प्रकार एवं कौशल होते हैं । इन सब को स्थान (पैंतरा) कहते हैं । विभिन्न कार्य में बाण प्रयोग करने के ऐसे स्थान (पैंतरे) आठ प्रकार के होते हैं । बाण की मुष्टि के आकर्षण के पाँच प्रकार और व्याय के पाँच प्रकार होते हैं ॥ ७६ ॥

प्रत्यालीढ़, आलीढ़, विशाख, समपद, असमपाद दर्दु रक्रम, गरुडक्रम, पद्मासन—ये आठ प्रकार के स्थान (पैंतरे) होते हैं ।

बायें पैर को आगे बढ़ा कर दाहिने पैर के घुटने को सिकोड़ कर दो हाथ पीछे रखने से जो पैंतरा किया जाय उसको प्रत्यालीढ़ पैंतरा कहते हैं ॥ ७७ ॥

दाहिने पैर को आगे बढ़ा कर बांये पैर के घुटने सिकोड़ कर दो हाथ पीछे रखने से जो पैंतरा बनता है उसको आलीढ़ पेंतरा कहते हैं । बाण को दूर तक फेंकने में यह पैंतरा विशेष उपयोगी होता है ॥ ७८ ॥

एक हाथ का फासला दोनों पैरों के बीच में करके फिर दोनों पैरों को सीधा रखने से जो पैंतरा बनता है उसको विशाख पैंतरा कहते हैं । इस पैंतरे से खड़े होकर कूट लक्ष्य (कपट से बने हुये निशाने) को बेधना चाहिए ॥ ७९ ॥

समपादैः समौ पादौ निष्कम्पौ च सुसङ्गतौ ।
असमे च पुरो वामे हस्तमात्रनतं वपुः ॥ ८० ॥
आकुञ्चितोरुद्वौ यत्र जानुभ्यां धरणीं गतौ ।
दर्दुरक्रममित्याहुः स्थानकं दृढभेदने ॥ ८१ ॥
सव्यं जानुगतौ भूमौ दक्षिणं च सकुञ्चितम् ।
अग्रतो यत्र दातव्यं तद्विद्याद्गरुणक्रमम् ॥ ८२ ॥
पद्मासनं प्रसिद्धन्तु ह्युपविश्य यथाक्रमम् ।
धन्विनां तत्तुविज्ञेयं स्थानकं शुभलक्षणम् ॥ ८३ ॥

अथगुणमुष्टिः

पताका वज्रमुष्टिश्च सिंहकर्णस्तथैव च ।
मत्सरी काकतुण्डी च योजनीया यथाक्रमम् ॥ ८४ ॥
दीर्घा तु तर्ज्जनी यत्र ह्याश्रिताङ्गुष्ठमूलकम् ।

दोनों पैरों को बराबर मिलाकर सीधा रखने से जो पैंतरा बनता है उसको समपाद पैंतरा कहते हैं । इसमें पैर हिलने डुलने न चाहिए ।।८०।।

बाये पैर को आगे करके दाहिने पैर को पीछे रख कर शरीर को एक हाथ नीचे झुका देने पर जो पैंतरा बनता है उसको विषमपाद पैंतरा कहते हैं ।। ८१ ।।

दोनों जाँघों को सिकोड़ कर, दोनों घुटनों को जमीन पर टेक देने पर जो पैंतरा बनता है उसको दर्दुरक्रम पैंतरा कहते हैं । इस पैंतरे से कठोर वस्तु को बेधने में सुविधा होती है । बायें घुटने को जमीन पर लगा कर दाहिने पैर को आगे रख कर सिकोड़ देने से जो पैंतरा बनता है उसको गरुड़-क्रम पैंतरा कहते हैं ।। ८२ ।।

पद्मासन नामक स्थानक तो प्रसिद्ध ही है । यह शुभ लक्षण वाला है और बैठ कर किया जाता है । यह सब धनुर्धारियों को जानने योग्य है ।। ८३ ।।

गुणमुष्टि (मूठ) पकड़ने के नियम

यह पांच प्रकार की होती है—पताका मुष्टि, वज्रमुष्टि, सिंहकर्ण मुष्टि मत्सरी मुष्टि और काकतुण्डी मुष्टि ।। ८४ ।।

धनुष की डोरी जिस प्रकार की मुट्ठी बाँध कर खींचने के लिए पकड़ी जाती है उसको 'गुणमुष्टि' कहते हैं ।

तर्जनी अंगुली अंगूठे का मूल देश पकड़ कर दीर्घ (आयात) रखना

पताका सा च विज्ञेया नालिका दूरमोक्षणे ॥ ८५ ॥
तर्ज्जनी मध्यमा मध्यं अङ्गुष्ठो विशते यदि ।
वज्रमुष्टिस्तु सा ज्ञेया स्थूले नाराचमोक्षणैः[1] ॥ ८६ ॥
अङ्गुष्ठमध्यदेशन्तु तर्जन्यग्रं शुभं स्थितम् ।
सिंहकर्णः स विज्ञेयो दृढलक्ष्यस्य वेधने ॥ ८७ ॥
अङ्गुष्ठनखमूले तु तर्जन्यग्रञ्च संस्थितम् ।
मत्सरी सा च विज्ञेया चित्रलक्ष्यस्य वेधने ॥ ८८ ।
अङ्गुष्ठाग्रे तु तर्जन्यां मुखं यत्र निवेशितम् ।
काकतुण्डी च सा ज्ञेया सूक्ष्मलक्ष्येषु योजिता ॥ ८९ ॥

अथ धनुर्मुष्टिसन्धानम्

सन्धानं त्रिविधं प्रोक्तमधमूर्द्धं समं सदा ।

होता है उसको पताका मुष्टि कहते हैं। यह मुष्टि नालिकास्त्र प्रयोग काल में बाण दूर चलाने में उपयोगी होती है ॥ ८५ ॥

तर्जनी और मध्यमा इन दो अंगुलियों के बीच में अंगूठे को डाल कर मुष्टि बन्द करने को वज्रमुष्टि कहते हैं। यह मुष्टि स्थूल बाण और नाराच बाण चलाने में उपयोगी होती है ॥ ८६ ॥

अंगूठों के मध्य भाग से तर्जनी का अग्रभाग भलीभाँति स्थापन करने को 'सिंहकर्ण मुष्टि' कहते हैं। यह दृढ़ लक्ष्य वेध करते समय उपयोगी होती है ॥ ८७ ॥

अंगूठे के नाखून के मूलस्थ स्थान पर तर्जनी का अग्र भाग दृढ़तापूर्वक संस्थापित करने को मत्सरी मुष्टि कहते हैं। चित्रलक्ष्य (इस लक्ष्य में स्थित किसी चिह्न विशेष) के वेधने में यह उपयोगी होती है ॥ ८८ ॥

अंगूठे के अग्रभाग में तर्जनी का मुख यदि दृढ़तापूर्वक सन्निविष्ट हो तो उसे काकतुण्डो मुष्टि कहते हैं। वह मुष्टि सूक्ष्म लक्ष्यों के वेधन में उपयोगी होती है ॥ ८९ ॥

धनुर्मुष्टि सन्धान

बाँयें हाथ से धनुष के मध्य भाग को पकड़ने को धनुर्मुष्टि कहते हैं। धनुर्मुष्टि का संधान तीन प्रकार का होता है। अधःसंधान, ऊर्द्धसंधान और

---

१. मोक्षणे

योजयेत् त्रिप्रकारं हि कार्य्येष्वपि यथाक्रमम् ॥ ९० ॥
अधश्च दूरपातित्वे समे लक्ष्येषु निश्चले ।
दृढ़स्फोटं[1] प्रकुर्वीत् ऊर्ध्वसंधानयोगतः ॥ ९१ ॥

अथ धनुर्व्यायाः ।

कैशिकः केशमूले वै शरः शृंगे च सात्त्विकः ।
श्रवणे वत्सकर्णश्च ग्रीवायां भरतो भवेत् ॥ ९२ ॥
अंसके स्कन्धनामा च व्यायाः पञ्चप्रकीर्त्तिताः ।
कैशिकश्चित्रयुद्धेषु ह्यधो लक्ष्येषु सात्त्विकः ॥ ९३ ॥
वत्सकर्णः सदाज्ञेयो भरतो दृढ़भेदने ।
दृढ़भेदे च दूरे च स्कन्धनामानमुद्दिशेत् ॥ ९४ ॥

समसंधान । इन तीनों प्रकार के संधानों का प्रयोग यथायोग्य कार्यरूप में करना चाहिए ॥ ९० ॥

बाण को दूर तक मारते समय मुष्टि का अधःसन्धान, निश्चल लक्ष्य को बेधने के समय समसंधान और दृढस्फोट अर्थात् कठोर लक्ष्य को बेधने में ऊर्द्धसंधान का प्रयोग करना चाहिए ॥ ९१ ॥

धनुर्व्याय (धनुष को खींचना)

व्याय अर्थात् धनुष को खींचने की प्रणाली पाँच प्रकार की होती है । कैशिक व्याय, सात्त्विक व्याय, वत्सकर्ण व्याय, भरत व्याय, स्कन्ध व्याय । केश के मूल पर्यन्त बाण खींचने (शराकर्षण) को कैशिक व्याय, शृङ्ग (सिर के अग्रभाग) पर्यन्त आकृष्ट करने को सात्त्विक व्याय, कान पर्यन्त आकर्षण को 'वत्सकर्ण व्याय' और गर्दन पर्यन्त शराकर्षण को 'भरत व्याय' कहते हैं ॥ ९२ ॥

स्कन्ध पर्यन्त शराकर्षण को स्कन्ध व्याय कहते हैं । इस प्रकार ये पाँच प्रकार के व्याय कहे गये हैं । चित्र युद्ध के समय कैशिक व्याय का, अधो लक्ष्य में सात्त्विक व्याय का, तिरछे लक्ष्य में वत्सकर्ण व्याय का, दृढ़भेदन में भरत व्याय का और दृढ़भेदन और दूरघातन में स्कन्ध व्याय का अवलम्बन करना चाहिये ॥ ९३–९४ ॥

---

१. कठोर वस्तु का वेधन

अथ लक्ष्यम्

लक्ष्यं चतुर्विधं ज्ञेयं स्थिरं चैव चलन्तथा।
चलाचलं द्वयचलं वेधनीयं क्रमेण तु ॥ ९५ ॥

आत्मानं सुस्थिरं कृत्वा लक्ष्यञ्चैव स्थिरं बुधः।
वेधयेत् त्रिप्रकारन्तु स्थिरवेधी स उच्यते ॥ ९६ ॥

चलन्तु वेधयेद् यस्तु आत्मस्थानेषु संस्थितः।
चलं लक्ष्यं तु तत् प्रोक्तमाचार्य्येण शिवेन वै ॥ ९७ ॥

धन्वीतः (प्र) चलते यत्र स्थिरलक्ष्ये समाहितः।
चलाचलं भवेत्तत्र (च) ह्यप्रमेयमचिन्तितम् ॥

लक्ष्य (निशाना)

लक्ष्य चार प्रकार के होते हैं—स्थिर लक्ष्य, चल लक्ष्य, चलाचल लक्ष्य और द्वयचल लक्ष्य। इनका भेदन क्रमशः करना चाहिये ॥ ९५ ॥

सामने की ओर एक स्थिर (निश्चल) लक्ष्य स्थापित करे और स्वयं भी निश्चल होकर खड़ा हो। उसके बाद उस लक्ष्य को क्रमशः तीन प्रकार से बेधना चाहिए। इस प्रकार जब ऐसे स्थिर लक्ष्य को बेधने का अभ्यास हो जाय तो वह विज्ञ व्यक्ति 'स्थिरवेधी कहा जाता है ॥ ९६ ॥

पहले पास में और क्रमशः दूर कोई एक सचल (सरल गतियुक्त या भ्रमणशील) लक्ष्य स्थापित करे। स्वयं अपने स्थान पर खड़ा हो कर उस चलायमान लक्ष्य को बेधना चाहिए। आचार्य शिव ने इसको चल लक्ष्य कहा है। ऐसे चल लक्ष्य को वेधने का अभ्यास होने पर उस लक्ष्यबेधी को 'चलवेधी' कहते हैं ॥ ९७ ॥

किसी एक स्थिर लक्ष्य की ओर धनुर्धारी भ्रमण करता है तो उस लक्ष्य को चलाचल लक्ष्य कहते हैं। यह लक्ष्यबेध अभ्यास साध्य और कठिन कार्य है। बिना चल लक्ष्य बेध में दक्षता प्राप्त किये इस चलाचल लक्ष्यवेध में सफलता नहीं प्राप्त होती है। वेध्य वस्तु प्रबल वेग से घूम रही हो और उसको बेधने के लिए धनुर्धारी भी प्रबल वेग से घूम रहा हो। उसको द्वयचल

उभावपि चलौ यत्र लक्ष्यं चापि धनुर्धरः।
तद्विज्ञेयं ह्ययचलं श्रमेण बहु साध्यते ॥ ९८ ॥
श्रमेणास्खलिताहृष्टिः शीघ्रसंधानमाप्यते ॥ ९९ ॥
श्रमेण चित्रयोधित्वं श्रमेण प्राप्यते जयः।
तस्माद् गुरुसमक्षं हि श्रमः कार्य्यो विजानता ॥ १०० ॥

लक्ष्य कहते हैं। उस चलायमान वस्तु को वेधने का कार्य अत्यधिक परिश्रम और अभ्यास से ही साध्य होता है ॥ ९८ ॥

श्रम द्वारा ही लक्ष्य अस्खलित होता है। श्रम से शीघ्र वाण योजन और वाण निक्षेप प्राप्त होता है ॥ ९९ ॥

श्रम से ही धन्वी चित्रयोधी बनता है। श्रम से ही संग्राम में विजय लाभ मिलता है। इसलिए ज्ञानी शिष्य को गुरु के समक्ष विशेष रूप से श्रम (अभ्यास) करना चाहिये ॥ १०० ॥

अथ लक्ष्याभ्यासस्वरूपाणि

प्रथमं वामहस्तेन यः श्रमं कुरुते नरः।
तस्य चापक्रियासिद्धिरचिरादेव जायते ॥ १ ॥
वामहस्ते तु संसिद्धे पश्चाद्दक्षिणमारभेत्।
उभाभ्याञ्च श्रमं कुर्यान्नाराचैश्च शरैस्तथा ॥ २ ॥
वामेनैव श्रमं कुर्यात् सुसिद्धिर्दक्षिणे करे।
विशाखेनासमेनैव रथी व्याये च कैशिके ॥ ३ ॥
उदिते भास्करे लक्ष्यं पश्चिमायां निवेशयेत्।
अपराह्ने च कर्त्तव्यं लक्ष्यं पूर्वदिगाश्रितम् ॥ ४ ॥
उत्तरेण सदा कार्य्यमवश्यमवरोधिकम्।
संग्रामेण विना कार्यं न लक्ष्यं दक्षिणामुखम् ॥ ५ ॥

लक्ष्य के अभ्यास के स्वरूप

जो धनुर्धारी पहले बायें हाथ से धनुष और दहिने हाथ से बाण लेकर धनुर्युद्ध का अभ्यास करता है उसको शीघ्र ही सफलता प्राप्त हो जाती है ॥ १ ॥

बायें हाथ से बाण संचारण सिद्ध होने पर उसके बाद दाहिने हाथ से अभ्यास आरम्भ करना चाहिये। नाराचों और शरों (इन दोनों) से प्रक्षेपण का अभ्यास करना चाहिए ॥ २ ॥

दायें हाथ के भलीभाँति अभ्यास हो जाने पर पुनः बायें हाथ से परिश्रम (अभ्यास) करना चाहिये। विशेष रूप से रथी को कैशिक नामक व्याय प्रक्रिया से विशाख और असमपाद पैंतरों से ही अभ्यास करना चाहिये ॥३॥

सूर्योदय होने पर प्रातः काल पश्चिम दिशा में लक्ष्य स्थापित करके अभ्यास करना चाहिये और अपराह्न (दोपहर बाद) पूर्व दिशा में स्थापित लक्ष्य पर अभ्यास करना चाहिये ॥ ४ ॥

उत्तर दिशा में लक्ष्य साध कर बाण चलाने का अभ्यास अवरोधकाल में करना चाहिये। संग्राम की स्थिति को छोड़ कर कभी भी दक्षिण दिशा में लक्ष्य स्थापित करके अभ्यास नहीं करना चाहिये। तात्पर्य है कि बाण संचालन का अभ्यास करते समय सूर्य पीठ की ओर या दाहिनी ओर रहे ॥ ५ ॥

षष्टिधन्वन्तरे लक्ष्यं ज्येष्ठं लक्ष्यं प्रकीर्त्तितम् ।
चत्वारिंशत् मध्यमश्च विंशतिश्च कनिष्ठकम् ॥ ६ ॥
चत्वारिंशच्च त्रिंशच्च षोडशैव भवेत्ततः ॥ ७ ॥
चतुः शतैश्च काण्डानां यो हि लक्ष्यं विसर्ज्जयेत् ।
सूर्योदये चास्तमने स ज्येष्ठो धन्विनां भवेत् ॥ ८ ॥
त्रिशतैर्मध्यमश्चैव द्विशताभ्यां कनिष्ठकः ।
लक्ष्यं च पुरुषोन्मानं कुर्य्याच्चन्द्रकसंयुतम् ॥ ९ ॥
ऊर्द्धभेदी भवेज्ज्येष्ठो नाभिभेदी च मध्यमः ।
पादभेदी तु लक्ष्यस्य स कनिष्ठो मतो भृगो ! ॥ १० ॥

अपने स्थान से अर्थात् धनुर्धारी जहाँ अपने खड़े होने का स्थान निश्चित करे उस स्थान से ६० धनु अर्थात् २४० हाथ दूर लक्ष्य स्थापित करके लक्ष्य वेध (निशाना लगाने का अभ्यास) करना उत्तम लक्ष्य, १६० हाथ की दूरी वाला मध्यम लक्ष्य और ८० हाथ की दूरी वाला लक्ष्य कनिष्ठ लक्ष्य कहा गया है। (४ हाथ = एक धनुष के माना जाता है) ॥ ६ ॥

उक्त दूरी केवल बाण के सम्बन्ध में कही गई है। सर्वलोहमय नाराच को चलाने का अभ्यास करते समय उत्तम लक्ष्य के लिये १६० हाथ, मध्यम लक्ष्य के लिए १२० हाथ और कनिष्ठ लक्ष्य के लिए ६४ हाथ की दूरी होनी चाहिये क्योंकि नाराच, सामान्य बाण से भारी (वजनी) होता है ॥ ७ ॥

जो धनुर्धारी प्रशिक्षण काल में पूर्वाह्न और अपराह्न में ४०० बार लक्ष्य का वेध करके श्रम क्रिया से विरत हो वह धनुर्धारियों में श्रेष्ठ माना जाता है ॥ ८ ॥

३०० बार बाण चलाने के बाद थक जाने वाला धन्वी मध्यम कोटि का और २०० बार बाण चला कर थक जाने वाला कनिष्ठ कोटि का धनुर्धारी माना जाता है। लक्ष्य, पुरुष की ऊँचाई के बराबर अर्थात् ३॥ हाथ ऊँची लकड़ी या लोहे से बने हुए दंड (डंडे) का हो। उसके सिरे पर चन्द्रमा के समान गोलाकार लकड़ी का फलक लगाकर बनाया जाय ॥ ९ ॥

हे विश्वामित्र ! उस फलक पर वेध्य द्रव्य को लगा कर लक्ष्य वेध करने का अभ्यास करना चाहिये। वेध्य द्रव्य के ऊर्द्ध अंश को वेधने वाला श्रेष्ठ, नाभि (मध्य अंश) का भेदी मध्यम और पाद (निचले) अंश का भेदी कनिष्ठ कोटि का लक्ष्यवेधी माना जाता है ॥ १० ॥

अथानध्यायः

अष्टमी च ह्यमावास्या वर्जनीया चतुर्दशी।
पूर्णिमार्द्धदिनं यावन्निषिद्धं सर्वकर्म्मसु॥ ११॥
अकाले गर्जिते दैवे दुर्दिनं चाथवा भवेत्।
पूर्वकाण्डहतं लक्ष्यमनध्याये प्रचक्षते॥ १२॥
अनुराधर्क्षमारभ्य षोडशर्क्षे दिवाकरः।
यावच्चरति तं कालमकालं हि प्रचक्षते॥ १३॥
अरुणोदयवेलायां वारिदो यदि गर्जति।
तद्दिने स्यादनध्यायस्तमकालं प्रचक्षते॥ १४॥
श्रमं च कुर्वतस्तत्र भुजङ्गो दृश्यते यदि।
अथवा भज्यते चापं यदैव श्रमकर्म्मणि॥ १५॥
त्रुट्यते वा गुणो यत्र प्रथमे बाणमोक्षणे।
श्रमं तत्र न कुर्वीत् शस्त्रे मतिमतां वरः॥ १६॥

अनध्याय (शिक्षा का निषेध काल)

अष्टमी, अमावास्या, चतुर्दशी, ये तीनों तिथियाँ तथा पूर्णिमा का आधा दिन धनुर्वेद की शिक्षा में अनध्याय होता है। अतः ये तिथियाँ धनुर्वेद शिक्षण प्रशिक्षण सम्बन्धी सब कार्यों में वर्जित हैं॥ ११॥

यदि वर्षाकाल के अतिरिक्त अन्य काल में मेघ गर्जन हो, अथवा पानी बरसे या झड़ी लग जाय, यदि धनुर्धर का प्रथम बाण लक्ष्य को न बेध सके तो अनध्याय माना जाता है॥ १२॥

अनुराधा नक्षत्र से १६ नक्षत्र तक अर्थात् मृगशिरा नक्षत्र तक जब सूर्य रहता है तो उस काल को अकाल कहा जाता है अर्थात् अगहन मास से ज्येष्ठ मास तक धनुर्विद्या का अभ्यास न करना चाहिये। केवल आषाढ़ से कार्त्तिक मास तक धनुर्विद्या का अभ्यास करना चाहिये॥ १३॥

सूर्योदय के समय प्रातःकाल यदि मेघ गरजता है तो उस काल को अकाल कहते हैं। उस दिन भी अनध्याय होना चाहिये॥ १४॥

धनुर्विद्या का अभ्यास करते समय यदि सर्प दिखाई दे अथवा अभ्यास करते समय धनुष टूट जाय। अथवा पहिला बाण चलाते ही धनुष की डोरी टूट जाय तो बुद्धिमानों में श्रेष्ठ धनुर्धारी को उसी समय अभ्यास करना बन्द कर देना चाहिये॥ १६॥

अथ श्रमक्रिया

क्रियाकलापान् वक्ष्यामि श्रमसाध्यांञ्छुचिष्मताम्।
येषां विज्ञानमात्रेण सिद्धिर्भवति नान्यथा॥ १७॥
प्रथमं चापमारोप्य चूलिकां बन्धयेत्ततः।
स्थानकं तु ततः कृत्वा बाणोपरि करं न्यसेत्॥ १८॥
तोलनं धनुषश्चैव कर्त्तव्यं वामपाणिना।
आदानञ्च ततः कृत्वा सन्धानञ्च ततः परम्॥ १९॥
सकृदाकृष्टचापेन भूमिवेधं न कारयेत्।
नमस्कुर्य्याच्च मां विघ्नराजं गुरुं धनुः शरान्॥ २०॥
याचितव्या गुरोराज्ञा बाणस्याकर्षणं प्रति।
प्राणवायुं प्रयत्नेन प्राणेन सह पूरयेत्॥ २१॥
कुम्भकेन स्थिरं कृत्वा हुङ्कारेण विसर्जयेत्।

श्रमक्रिया

अब पवित्र व्यक्तियों द्वारा धनुष के संचालन के व्यवहार में लाई जाने वाली इन श्रमसाध्य प्रक्रियाओं, क्रिया-कलापों को कहूंगा जिनके विशेष रूप से ज्ञान होने पर ही धनुर्विद्या में सिद्धि मिलती है अन्यथा नहीं॥ १७॥

सबसे पहले धनुष को झुकाकर फिर चूलिका (धनुष के मूल) को बाँधना चाहिये। इसके बाद पैंतरे से खड़े हो करके बाण के ऊपर हाथ रखना चाहिये॥ १८॥

बाँये हाथ से धनुष को उत्तोलन (धारण) करना चाहिये। उसके बाद धनुष पर बाण को आयोजित करना चाहिये॥ १९॥

धनुष में बाण योजन करते ही पहले भूमि (मिट्टी) का वेध न करना चाहिये। हे विश्वामित्र! महादेव जी को, गणेश जी को, गुरु को, धनुष को और बाण को नमस्कार करना चाहिये॥ २०॥

उसके बाद बाण के चलाने के लिए गुरु से आज्ञा माँगनी (लेनी) चाहिये। प्राणवायु को पूरक प्राणायाम विधि से यत्नपूर्वक नाक के द्वारा प्रवेश कर पूर्ण करना चाहिये। उस प्रविष्ट वायु को कुम्भक प्राणायाम विधि से भीतर स्थिर करके रेचक प्राणायाम विधि से प्राण वायु के साथ

इत्यभ्यासक्रिया कार्या धन्विना सिद्धिमिच्छता ॥ २२ ॥
षण्मासात् सिध्यते मुष्टिः शराः सम्वत्सरेण तु ।
नाराचास्तस्य सिध्यन्ति यस्य तुष्टो महेश्वरः ॥ २३ ॥
पुष्पवद्धारयेद्वाणं सर्पवत् पीडयेद्धनुः ।
धनुर्वच्चिन्तयेत् लक्ष्यं यदीच्छेत् सिद्धिमात्मनः ॥ २४ ॥
क्रियामिच्छन्ति चाचार्य्या दूरमिच्छन्ति भार्गवाः ।
राजानो दृढमिच्छन्ति लक्ष्यमिच्छन्ति चेतरे ॥ २५ ॥
जनानां रञ्जनं येन लक्ष्यपातात् प्रजायते ।
हीनेनापीषुणा तस्मात् प्रशस्तं लक्ष्यवेधनं ॥ २६ ॥

अथ लक्ष्यऽस्खलनविधिः

विशाखस्थानकं कृत्वा[1] समसन्धानमाचरेत् ।

बाण को हुँकारपूर्वक छोड़ना चाहिये । सिद्धि के इच्छुक धनुर्धारी को इस प्रकार अभ्यास क्रिया करनी चाहिये ॥ २१-२२ ॥

छः मास तक इस प्रकार अभ्यास करने से मुष्टि सिद्धि और एक वर्ष में बाण सिद्धि हो जाती है । परन्तु जिसके ऊपर महादेव जी प्रसन्न हो जायँ उसको ही नाराच सञ्चालन क्रिया सिद्धि होती हैं ॥ २३ ॥

जो अपनी सिद्धि को चाहे वह धन्वी बाण को फूल की तरह धारण करे । धनुष को सर्प की तरह पीडित करे (दबावे) और जैसे धन्वी अपने धनुष के लिए सदैव चिन्ता करता है उसी प्रकार उसको लक्ष्य की भी चिन्ता करनी चाहिये ॥ २४ ॥

आचार्य लोग क्रिया की सिद्धि की इच्छा करते हैं । भार्गव (चार प्रकार के युद्ध में निपुण) लोग बाण दूर जा कर गिरे इसकी इच्छा करते हैं । राजा लोग दृढ़ वस्तु के भेदन की इच्छा करते हैं तथा अन्य लोग जैसे भी सम्भव हो लक्ष्य के वेध होने की इच्छा करते हैं ॥ २५ ॥

लक्ष्य का वेध हो जाने से लोगों का मन हर्षित हो जाता है । इसलिये बाण के द्वारा हीन (क्षुद्र) बाण से भी लक्ष्य भेदन होना उत्तम माना जाता है ॥ २६ ॥

लक्ष्य अस्खलनविधि (लक्ष्य न चूकने की विधि)

विशाख नामक पैंतरें से खड़े होकर गोपुच्छमुख बाण द्वारा एवं सिंह-

---

१. हित्वा

गोपुच्छमुखबाणेन सिंहकर्णेन मुष्टिना ॥ २७ ॥
आकर्षेत् कैशिकव्यायेन शिखाश्चालयेत्ततः ।
पूर्वापरौ समं कार्यौ समांसौ निश्चलौ करौ ॥ २८ ॥
चक्षुषी स्पन्दयेन्नैव दृष्टिं लक्ष्ये नियोजयेत् ।
मुष्टिनाऽच्छादितं लक्ष्यं शरस्याग्रे नियोजयेत् ॥ २९ ॥
मनो दृष्टिगतं कृत्वा ततः काण्डं विसर्ज्जयेत् ।
स्खलत्येव कदाचिन्न लक्ष्ये योद्धा जितश्रमः ॥ ३० ॥

अथ शीघ्रसन्धानम्

आदानं चैव तूणीरात् सन्धानं कर्षणं तथा ।
क्षेपणं च त्वरायुक्तो बाणस्य कुरुते तु यः ॥ ३१ ॥
नित्याभ्यासवशात्तस्य शीघ्रसन्धानता भवेत् ॥

कर्ण मुष्टि द्वारा समसन्धान अवलम्बन करना चाहिये ॥ २७ ॥

धनुष को कैशिक व्याय में खींचना चाहिये । शिखा तक को न हिलने देना चाहिये । शरीर का ऊर्द्ध और अधोभाग सम (बराबर) करना, दोनों कन्धों को सम (अन्तराल रखना) करना तथा दोनों हाथों को निश्चल रखना चाहिये ॥ २८ ॥

आँखो को नहीं हिलाना चाहिये तथा अपनी दृष्टि को लक्ष्य पर रखनी चाहिये । मुष्टि द्वारा लक्ष्य को ढक कर उसको बाण के सम्मुख रखना चाहिये ॥ २९ ॥

अपने मन को दृष्टि के साथ-साथ लक्ष्य में स्थिर रख कर तब बाण छोड़ना चाहिये । इस प्रकार अभ्यस्त योद्धा अपने लक्ष्य को वेधने में कभी नहीं चूकता है ॥ ३० ॥

शीघ्र सन्धान

जो योद्धा तूणीर से बाण लेकर उसे बाण का सन्धान, कर्षण तथा क्षेपण द्रुतवेगपूर्वक कर सके तो इस प्रकार नित्य अभ्यास करते करते उसको शीघ्र सन्धानता प्राप्त होती है ॥ ३१ ॥

अथ दूरपातित्वं

मुष्ट्या पताकया बाणं स्त्रीचिह्नं दूरपातनम् ।

दृढभेदनम्

प्रत्यालीढे कृते स्थाने ह्यधः सन्धानमाचरेत् ।
दर्दुरस्थान मास्थाय ह्यूर्द्धधारणमाचरेत् ॥ ३२ ॥
स्कन्धव्यायेन वज्रस्य मुष्ट्या पुंमार्गणेन च ।
अत्यन्तसौष्ठवं बाह्वोर्जायते दृढभेदिता ॥ ३३ ॥

हीनगतिसमूहः

सूचीमुखा मीनपुच्छा भ्रमरी च तृतीयका ।
शराणां गतयस्त्रिस्रः प्रशस्ताः कथिता बुधैः ॥ ३४ ॥
सूचीमुखा गतिस्तस्य सायकस्य प्रजायते ।
पत्रं विलोकितं यस्य ह्यथवा हीनपत्रकम् ॥ ३५ ॥

दूरपातित्व

पताका नामक मुष्टि से स्त्री चिह्नयुक्त द्वारा बाण चलाने से वह बाण दूर जाकर गिरता है ॥

दृढ़भेदन

प्रत्यालीढ स्थान करके उसके पश्चात् अधः सन्धान करना चाहिये । दर्दुर स्थान में स्थित (खड़े) होकर ऊर्द्ध सन्धान करना चाहिये ॥ ३२ ॥

स्कन्ध व्याय एवं वज्रमुष्टि द्वारा पुरुष जाति बाण का इसी प्रकार सन्धान करना चाहिये । इस प्रकार बाद में हाथ से बाण छोड़ने से दृढ़-भेदन की क्षमता प्राप्त हो जाती है ॥ ३३ ॥

हीनगतिसमूह

विद्वानों ने सूचीमुख, मीनपुच्छ और भ्रमरी इन तीन प्रकार बाणों की प्रशस्त गति कहा है ॥ ३४ ॥

जिस बाण का पत्र (पुंख) बाण छोड़ते समय दिखाई देता है वह बाण हीनपत्र (पत्र रहित या पुंख विहीन) होता है । इस बाण की गति सूची-मुख होती है ॥ ३५ ॥

कर्कशस्तन्तु चापेन यः कृष्टो हीनमुष्टिना ।
मत्स्यपुच्छा गतिस्तस्य सायकस्य प्रकीर्त्तिता ॥ ३६ ॥
भ्रमरी कथिता ह्येषा शिवेन श्रमकर्म्मणि ।
ऋजुत्वेन विना याति क्षिप्यमाणस्तु शायकः ॥ ३७ ॥

बाणलक्ष्यस्खलनगतिसमूहः

वामगा दक्षिणा चैव ऊर्द्ध्वगाऽधोगमा तथा ।
चतस्रो गतयः प्रोक्ता बाणस्खलनहेतवः ॥ ३८ ॥

(पूर्वोक्तगतिसमूहोदाहरणम्)

कम्पते गुणमुष्टिस्तु मार्गणस्य तु पृष्ठतः ।
सम्मुखो स्याद्धनुर्मुष्टिस्तदा वामे गतिर्भवेत् ॥ ३९ ॥
ग्रहणं शिथिलं यस्य ऋजुत्वेन विवर्जितम् ।
पार्श्वन्तु दक्षिणं याति सायकस्य न संशयः ॥ ४० ॥

महादेव जी द्वारा यह बाण गति मत्स्यपुच्छ कही गई है जो बाण कठिन धनुष और हीनमुष्टि द्वारा आकृष्ट करके छोड़ा जाय ॥ ३६ ॥

अभ्यास कर्म में छोड़ा जाता हुआ बाण यदि वक्रगति का अवलम्बन करे (वक्रगति से जाय) तो शिव जी ने बाण की उस गति को भ्रमरी गति कहा है ॥ ३७ ॥

बाणलक्ष्यस्खलनगति समूह

यदि बाण छोड़ने पर वह बाई ओर, दाहिनी ओर, ऊपर की ओर, नीचे की ओर होकर जाय तो शिव जी ने बाणस्खलन (निशाने में न लगने के) हेतु उसकी चार प्रकार की गति कही है ॥ ३८ ॥

पूर्वोक्त गति समूहों का उदाहरण

यदि बाण के पीछे के भाग में गुणमुष्टि कँपती हो और धनुर्मुष्टि सामने की ओर आये तो बाण की गति बाएँ हो जाती है। (ऐसा बाण लक्ष्यवेध नहीं कर सकता) इसलिए धनुर्गुणमुष्टि को काँपने नहीं देना चाहिये ॥ ३९ ॥

जो बाण ढिलाई के साथ पकड़ने से सीधा सीधा नहीं जाता, ऐसा बाण निःसन्देह दाहिनी ओर चला जाता है। (वह लक्ष्य वेध नहीं कर सकेगा) ॥ ४० ॥

ऊर्द्धं भवेच्चापमुष्टि र्गुणमुष्टिरधोभवेत् ।
समुक्तो मार्गणो लक्ष्यादूर्द्धं याति न संशयः ॥ ४१ ॥
मोक्षणे चैव बाणस्य चापमुष्टिरधोभवेत् ।
गुणमुष्टिर्भवेदूर्द्धं तदाधोगामिनी गतिः ॥ ४२ ॥

अथ शुद्धगतयः

लक्ष्यबाणाग्रदृष्टिनां सङ्गतिस्तु यदाभवेत् ।
तदानीं मुञ्चितो बाणो लक्ष्यान्न स्खलति ध्रुवम् ॥ ४३ ॥
निर्दोषः शब्दहीनश्च सममुष्टिद्वयोऽङ्कितः ।
भिनक्ति दृढभेद्यानि सायको नास्ति संशयः ॥ ४४ ॥
स्वाकृष्टस्तेजितोयश्च सुशुद्धो गाढमुष्टितः ।
नरनागाश्वकायेषु न तिष्ठति स मार्गणः ॥ ४५ ॥

यदि धनुर्मुष्टि ऊपर की ओर हो और गुण मुष्टि नीचे की ओर रहे तो उस दशा में छोड़ा हुआ बाण लक्ष्य से ऊपर चला जाता है। इसमें संदेह नहीं ॥ ४१ ॥

बाण के छोड़ते समय धनुर्मुष्टि यदि लक्ष्य से नीचे रहे, और गुणमुष्टि ऊपर रहे तो बाण की गति नीची हो जायगी। तात्पर्य यह है कि चापमुष्टि गुणमुष्टि द्वारा लक्ष्य को चिह्नित करने पर ही निःसन्देह लक्ष्यवेध हो सकेगा अन्यथा नहीं ॥ ४२ ॥

शुद्धगति

जब लक्ष्य, बाण का अग्र भाग और योद्धा की दृष्टि इन तीनों में संगति (तालमेल) रहती है तब उस समय छोड़ा गया बाण निश्चित रूप से लक्ष्य से स्खलित नहीं होता है ॥ ४३ ॥

दोषों से रहित, शब्द शून्य, गुण एवं धनुष दोनों की मुष्टि को एक समान साध कर छोड़ा गया बाण कठिन वस्तु को भी भेद सकता है। इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं ॥ ४४ ॥

अच्छी प्रकार से खींचा गया, एवं तेजयुक्त (सान पर चढ़ाया गया) तथा अग्रभाग में सुन्दर परिष्कृत पुङ्ख निबद्ध किया गया, और गाढ़ मुष्टि करके चलाया गया बाण मनुष्यों और हाथियों एवं घोड़ों के शरीर को भेदता हुआ आर-पार होते हुए बाहर निकल जाता है। अर्थात् शरीर को बेध कर लगा नहीं रहता ॥ ४५ ॥

यस्य तृणसमा बाणाः यस्येन्धनसमं धनुः।
यस्य प्राणसमा मौर्वी स धन्वी धन्विनां वरः ॥ ४६ ॥

अथ दृढचतुष्कम्

अयश्चर्मघटश्चैव मृतपिण्डश्च चतुष्टयम्।
यो भिनत्ति न तस्येषु र्वज्रेणापि विदीर्यते ॥ ४७ ॥
सार्द्धाङ्गुलप्रमाणेन लोहपत्राणि कारयेत्।
तानि भित्त्वैकबाणेन दृढ़घाती भवेन्नरः ॥ ४८ ॥
चतुर्विंशति चर्म्माणि यो भिनत्तीषुणा नरः।
तस्य बाणो गजेन्द्रस्य कायं निर्भिद्य गच्छति ॥ ४९ ॥
भ्राम्यन् जले घटो वेध्यश्चक्रे मृत्पिण्डकं तथा।
भ्रमन्ति वेधयेत् यो हि दृढभेदी स उच्यते ॥ ५० ॥
अयस्तु काकतुण्डेन चर्म्मचारामुखेन हि।
मृतपिण्डं च घटं चैव विध्येत् सूचीमुखेन वै ॥ ५१ ॥

जो धनुर्धर बाण तृण के समान धनुष इंधन के समान और मौर्वी (डोरी) को प्राण के समान मानता हो वह धन्वी सब धनुर्धारियों में श्रेष्ठ होता है ॥ ४६ ॥

दृढचतुष्क

जिस धनुर्धारी का बाण लोहा, चमड़ा (गैंड़े के चमड़े की ढाल), पानी रखने का घड़ा और मिट्टी का पिंड इन चारों पदार्थों को भेद सकता है उसका बाण बज्र से भी नहीं तोड़ा जा सकता है ॥ ४७ ॥

डेढ़ अंगुल लम्बे लोहे के पत्रों (पत्तरों) को बनवाना चाहिये। पत्रों के समूह को एक बाण से भेदकर धन्वी दृढ़घाती पदवी को प्राप्त करता है॥४८॥

जो मनुष्य एक बाण से चमड़े से बनी ढालों को एक साथ रखकर उसको भेदता है उसका बाण हाथी के शरीर को भी भेद कर बाहर निकल जाता है ॥ ४९ ॥

जो धनुर्धारी (जल के भँवर में) घूमते हुए घड़े को तथा कुम्हार की चाक पर घड़े के आकार में घूमते हुए मृत्पिण्ड को और भ्राम्यमान किसी भी पदार्थ को वेध सकता है वह दृढ़भेदी कहा जाता है ॥ ५० ॥

लोहे से बने हुए पदार्थ को काकतुण्ड बाण द्वारा और मृत्पिण्ड और घट को सूचीमुख बाण द्वारा बेधना चाहिये ॥ ५१ ॥

अथ चित्रविधिः

वाणभङ्गकरावर्त्तः काष्ठच्छेदनमेव च ।
बिन्दुकं गोलकयुग्मं यो वेत्ति स जयी भवेत् ॥ ५२ ॥

लक्ष्य स्थाने धृतं कान्तं सम्मुखं छेदयेत्ततः ।
किञ्चिद् मुष्टिं विधाय स्वां तिर्यग् द्विफलकेषुणा ॥ ५३ ॥

सम्मुखं बाणमायान्तं तिर्यग् बाणं न सञ्चरेत् ।
प्राज्ञः शरेण यश्छिन्द्याद्बाणच्छेदी स उच्यते ॥ ५४ ॥

अथ काष्ठभेदनम्

काष्ठेऽश्वकेशं संयम्य तत्र बध्वा वराटिकाम् ।
हस्तेन भ्राम्यमाणं च यो हन्ति सो धनुर्धरः ॥ ५५ ॥

लक्ष्य स्थाने न्यसेत् काष्ठं सार्द्रं गोपुच्छसन्निभम् ।
यश्छिन्द्यात्तत् क्षुरप्रेण 'काष्ठभेदी' स ज्ञायते ॥ ५६ ॥

चित्र-विधि

बाण को काटना, घूमती हुई कौड़ी को काटना, काष्ठ छेदन, बिन्दुक (चांदमारी) और गोलक युग्म (दो गोलों को) इनके वेध करने की विधि जो धनुर्धारी जानता है वह शत्रु सेना पर जयी होता है ॥ ५२ ॥

धनुर्धर को अपनी मुट्ठी को कुछ टेढ़ी करके दो फल वाले बाण से लक्ष्य स्थान में रखे हुये बाण को काट देना चाहिये ॥ ५३ ॥

तिरछा (वक्र) बाण न चलाना चाहिए। प्रत्युत योद्धा स्वयं घूम जाय; जो बाण को आकाश में ही काट दे उसको बाणच्छेदी कहा जाता है ॥५४॥

अथ काष्ठभेदनम्

लकड़ी के एक टुकड़े (खण्ड) के अग्रभाग में घोड़े के बाल को बांध कर उसके आगे एक कौड़ी बांध कर उसको हाथ से घुमाते रहना चाहिये। उस घूमती हुई कौड़ी को जो वेध सके वह धनुर्धर है ॥ ५५ ॥

लक्ष्य स्थान पर गीली ठोस लकड़ी का गोपुच्छाकृति एक टुकड़ा रखना चाहिये। जो दूर से क्षुरप्र नामक बाण से उस काष्ठ खण्ड (लकड़ी के टुकड़े) का छेदन करे, उसको 'काष्ठभेदी' कहते हैं ॥ ५६ ॥

लक्ष्ये बिन्दुं न्यसेच्छुभ्रं शुभ्रबन्धूकपुष्पवत् ।
हन्ति तं बिन्दुकं यस्तु चित्रयोधा स उच्यते ॥ ५७ ॥
काष्ठगोलयुगं क्षिप्रं दूरमूर्द्धं पुरा स्थितैः ।
असम्प्राप्तं शरं पृष्ठे तद्गोपुच्छमुखेन हि ॥ ५८ ॥
यो हन्ति शरयुग्मेन शीघ्रसन्धानयोगतः ।
स स्याद्धनुर्भृतां श्रेष्ठः पूजितः सर्वपार्थिवैः ॥ ५९ ॥

अथ धावल्लक्ष्यं

रथस्थेन गजस्थेन हयस्थेन च पत्तिना ।
धावता वै श्रमः कार्य्यो लक्ष्यं हन्तुं सुनिश्चितम् ॥ ६० ॥

अथ विधिः

वामादायाति यल्लक्ष्यं दक्षिणं हि प्रधावति ।

लक्ष्य में बन्धूक[1] (दुपहरिया) फूल की तरह सफेद रंग का (लकड़ी का बना) बिन्दु रखना चाहिये। या लकड़ी के बने एक लक्ष्य में सफेद रंग का एक बिन्दु बना देना चाहिये। जो योद्धा उस बिन्दु को वेध सके उसको 'चित्रयोधा' कहते हैं ॥ ५७ ॥

दूर तथा सम्मुख स्थित होकर एक व्यक्ति काष्ठ निर्मित दो गोले आकाश में ऊपर की ओर दूर फेंक दें। धनुर्धर उन्हीं दोनों गोलों को निकट न आते-आते दो गोपुच्छमुख नामक बाण से शीघ्र संधान करके बेधे। अथवा पृथक्-पृथक् दो बाणों से शीघ्र संधान कर बेधे। वह योद्धा धनुधारियों में श्रेष्ठ होता है और सब राजाओं द्वारा पूजित होता है ॥ ५८-५९ ॥

धावल्लक्ष्य

लक्ष्य का सुनिश्चित रूप से वेध करने के लिए (केवल खड़े होकर ही नहीं) रथ पर बैठ कर, हाथी पर सवार होकर, घोड़े पर सवार होकर तथा पैरों पर खड़े होकर और कभी दौड़ते हुए बाण चलाने का अभ्यास करना चाहिए ॥ ६० ॥

विधि

जो लक्ष्य बायें हाथ की ओर से आता है और दाहिने हाथ के पार्श्व

---

१. बंधुली

तच्छिन्द्याच्चापमाकृष्य सव्येनैव च पाणिना ॥ ६१ ॥
तथैव दक्षिणायान्तं विध्येद्बाणाद्धनुर्धरः ।
आलीढ़क्रममारोप्य त्वरा हन्याच्च तं नरः ॥ ६२ ॥

वायोरपि बलं दृष्ट्वा वामदक्षिणवाहतः ।
लक्ष्यं संसाधयेदेवं गाधिपुत्र ! नृपात्मज ! ॥ ६३ ॥

वायुः पृष्ठे दक्षिणे च वहन् सूचयते बलम् ।
सम्मुखीनश्च वामश्च भटानां भङ्गसूचकः ॥ ६४ ॥

अथ शब्दवेधित्वम्

लक्ष्यस्थाने न्यसेत् कांस्यपात्रं हस्तद्वयान्तरे ।
ताडयेच्छर्कराभिस्तच्छब्दः सञ्जायते यदा ॥ ६५ ॥

से चला जाय उसको सव्य (बायें) हाथ से ही धनुष खींच कर उस लक्ष्य को बेधना चाहिये ॥ ६१ ॥

उसी प्रकार दक्षिण की ओर आते हुए लक्ष्य को धनुषधारी आलीढ़ क्रम द्वारा धनुष को खींच कर शीघ्रतापूर्वक वेध करे ॥ ६२ ॥

हे गाधिपुत्र विश्वामित्र ! दाहिने और बायें दोनों ओर से वायु का भी बल देख कर तब लक्ष्य साधन करना चाहिये ॥ तात्पर्य यह है कि यदि वायु का वेग बायीं ओर से हो तो धनुष को दायीं ओर करके पकड़े और दाहिनी ओर वायु की गति तीव्र हो तो दक्षिण की ओर उस लक्ष्य पर बाण छोड़ना चाहिये ॥ ६३ ॥

पीठ पीछे और दाहिनी ओर से बहने वाली वायु धनुर्धारी के बल को सूचित करती है । अर्थात् उस दशा में धनुर्धारी अपने लक्ष्य-साधन में सफल होता है । सम्मुख और बाईं ओर से बहने वाली वायु योद्धाओं की लक्ष्य-बेधन में असफलता की सूचक होती है ॥ ६४ ॥

शब्दवेधिता

जिस स्थान पर लक्ष्य स्थापित हो उससे दो हाथ की दूरी पर एक कांस्यपात्र (कांसे का बर्त्तन) रखना चाहिये । एक व्यक्ति वहाँ रह कर कंकड़ियों से उस बर्त्तन पर चोट करे (मारता रहे) । कंकड़ियों की चोट से शब्द (आवाज) उत्पन्न होगा ॥ ६५ ॥

यत्र चैवोद्यते[1] शब्दस्तं सम्यक् तत्र चिन्तयेत् ।
कर्णेन्द्रियमनोयोगाल्लक्ष्यं निश्चयतां नयेत् ॥ ६६ ॥
पुनः शर्करया तच्च ताडयेच्छब्दहेतवे ।
पुनर्निश्चयतां नेयं शब्दस्थानानुसारतः ॥ ६७ ॥
ततः किञ्चित् कृतं दूरं नित्यं नित्यं विधानतः ।
लक्ष्यं समभ्यसेद् ध्वान्ते शब्दवेधनहेतवे ॥ ६८ ॥
ततो बाणेन हन्यात्तदवधानेन तीक्ष्णधीः ।
एतच्च दुष्करं कर्म भाग्ये कस्यापि सिद्ध्यति ॥ ६९ ॥

अथ प्रत्यागमनम्

खगं बाणन्तु राजेन्द्र ! प्रक्षिपेद्वायुसन्मुखे ।
रञ्जकस्य च नालाभिरतोह्यागमनं भवेत् ॥ ७० ॥

जिस स्थान पर आवाज हो रही है अपने मन को धनुर्धारी वहीं पर लगावे । उसके बाद उस स्थापित लक्ष्य को आँखों से न देख कर केवल कान के साथ मन की एकाग्रता रख कर लक्ष्य (वेध्य वस्तु) को निश्चित करना चाहिये ।

वह दूसरा व्यक्ति फिर उस काँसे के बर्त्तन पर आवाज पैदा करने के लिए कंकड़ियों से चोट करे (मारे) । तब धनुर्धारी को उस गूँजती (उठी) हुई आवाज के स्थान के अनुसार लक्ष्य को निश्चित करना चाहिये ।।६६–६७।।

उसके बाद धीरे-धीरे क्रम से दो हाथ की दूरी का लक्ष्य स्थिर करे और खूब अभ्यस्त होता जाय तो उसको उसकी अपेक्षा कुछ अधिक दूरी पर, स्थापित करना चाहिये । इस प्रकार धनुर्वेद शास्त्र के विधान के अनुसार शब्दकारक काँसे के पात्र को क्रमशः दूर, फिर उससे दूर रख कर शब्द-वेधन के लिए नित्य निरंतर अन्धकार में लक्ष्य का अभ्यास करना चाहिये ॥ ६८ ॥

उसके बाद कुशाग्र बुद्धि धनुर्धारी सावधान तथा बाण से उस लक्ष्य का शब्द श्रवण के आधार पर वेध करे । यह कार्य अत्यन्त दुष्कर है । किसी-किसी भाग्यवान् व्यक्ति के ही भाग्य में इस शब्दवेधिता की सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ६९ ॥

प्रत्यागमन

हे राजेन्द्र विश्वामित्र ! खग नामक बाण को वायु के सम्मुख (सामने)

---

१. चोत्पद्यते

अथास्त्रविधिः

एवं श्रमविधिं कुर्य्याद्यावद् सिद्धिः प्रजायते ।
श्रमे सिद्धे च वर्षासु नैव ग्राह्यं धनुष्करे ॥ ७१ ॥
पूर्वाभ्यासस्य शास्त्राणामविस्मरणहेतवे ।
मासद्वयं श्रमं कुर्य्यात् प्रतिवर्षं शरदृतौ ॥ ७२ ॥
जाते वाश्वयुजिमासे नवमी देवतादिने ।
पूजयेदीश्वरीं चण्डीं गुरुं शास्त्राणि वाजिनः ॥ ७३ ॥
विप्रेभ्यो दक्षिणां दत्त्वा कुमारीः भोजयेत्ततः ।
देव्यै पशुबलिं दद्याद् भृतोवादित्रमङ्गलैः ॥ ७४ ॥
ततस्तु साधयेन्मन्त्रान् वेदोक्तान् आगमोदितान् ।
अस्त्राणां कर्म्मसिद्ध्यर्थं जपहोमविधानतः ॥ ७५ ॥

छोड़ना चाहिये । उसमें रञ्जक नालिका लगी रहे तो वह बाण उस योद्धा के पास वापस आ जायगा ॥ ७० ॥

अस्त्रविधि

इस प्रकार जब तक सिद्धि लाभ न हो तब तक लक्ष्यवेध का अभ्यास करते रहना चाहिये । सिद्धि लाभ हो जाने पर फिर वर्षा काल में हाथ में धनुष न धारण करना चाहिये ॥ ७१ ॥

श्रमपूर्वक दक्षता प्राप्त किया हुआ पूर्व अभ्यस्त शस्त्रज्ञान भूल न जाय, इसलिए प्रति वर्ष शरद् ऋतु में दो महीने श्रम (अभ्यास) करना चाहिये ॥ ७२ ॥

आश्विन (कुआर) मास के शुक्ल पक्ष में दुर्गा नवमी तिथि को चण्डी; ईश्वरी, गुरु, अस्त्र-शस्त्र और घोड़ों की पूजा करनी चाहिये ॥ ७३ ॥

उसके बाद ब्राह्मणों को दक्षिणा दे कर कुमारियों को भोजन कराना चाहिये । बाद्य और मंगलाचरणपूर्वक देवी के लिए पशु बलि देनी चाहिये ॥ ७४ ॥

उसके पश्चात् आगम शास्त्रोक्त और वेदोक्त मंत्रों की साधना करनी चाहिये तथा अस्त्रों को सिद्धि के लिए विधि-विधान के अनुसार जप और हवन आदि करना चाहिये ॥ ७५ ॥

ब्राह्मं नारायणं शैवमैन्द्रं वायव्यवारुणे।
आग्नेयं चापरास्त्राणि गुरुदत्तानि साधयेत् ॥ ७६ ॥
मनोवाक्कर्म्मभिर्भाव्यं लब्धास्त्रेण शुचिष्मता।
अपात्रमसमर्थञ्च दहन्त्यस्त्राणि पूरुषम् ॥ ७७ ॥
प्रयोगं चोपसंहारं यो वेत्ति स धनुर्द्धरः।
सामान्ये कर्म्मणि प्राज्ञो नैवास्त्राणि प्रयोजयेत् ॥ ७८ ॥

अथास्त्राणि

अथास्त्राणि प्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय।
ब्रह्मास्त्रं प्रथमं प्रोक्तं द्वितीयं ब्रह्मदण्डकम् ॥ ७९ ॥
ब्रह्मशिरस्तृतीयञ्च तुर्यं पाशुपतं मतम्।
वायव्यं पञ्चमं प्रोक्तमाग्नेयं षष्ठकं स्मृतम् ॥ ८० ॥
नरसिंहं सप्तमञ्च तेषां भेदाह्यनन्तकाः।
ससंहारं सविज्ञेयं शृणु गाधे! यथातथम् ॥ ८१ ॥

ब्राह्म, नारायण, शैव, ऐन्द्र, वायव्य, वारुण, आग्नेय तथा गुरुदत्त (गुरु द्वारा दिये गये) अन्य अस्त्रों की साधना करनी चाहिये ॥ ७६ ॥

शस्त्रप्राप्त व्यक्ति को मन, वाणी और कर्म से पवित्र होना चाहिये। ये सब अस्त्र अपात्र और असमर्थ व्यक्ति को पीड़ा पहुंचाते हैं। (अतः स्वयं अस्त्रों के धारण करने का पात्र बने और सामर्थ्य प्राप्त करे तथा अपात्र और असमर्थ व्यक्ति को अस्त्र ज्ञान न दे।) ॥ ७७ ॥

जो व्यक्ति अस्त्रों के प्रयोग और अस्त्र संहार (निरोध) को जानता है वह धनुर्धर है। बुद्धिमान् व्यक्ति को सामान्य कार्य में कभी भी अस्त्रों का प्रयोग न करना चाहिये ॥ ७८ ॥

अस्त्र

हे विश्वामित्र! अब ध्यानपूर्वक सुनो। मैं अब अस्त्रों के विषय में बताऊँगा। प्रथम ब्रह्मास्त्र, द्वितीय ब्रह्मदण्डक, तृतीय ब्रह्मशिर, चतुर्थ पाशुपत, पञ्चम वायव्य, षष्ठ आग्नेय अस्त्र है ॥ ७९-८० ॥

सप्तम नरसिंह अस्त्र होता है। इन अस्त्रों के अनन्त भेद होते हैं। हे विश्वामित्र! अस्त्र आदि जानने के लिए उसके साथ ही अस्त्र तत्त्व और

वेदमात्रा[1] सर्वशास्त्रं गृह्यते दीप्यतेऽथवा।
तत्प्रयोगं शृणु प्राज्ञ ! ब्रह्मास्त्रं प्रथमं शृणु ॥ ८२ ॥

अथास्त्राणां मन्त्रसंस्कारः।

दादिदान्तांश्च[2] सावित्रीं विपरीतां जपेत् सुधीः।
जप्त्वा पूर्वां निखर्वञ्च त्वभिमन्त्र्य विधिवच्छरम् ॥
क्षिपेच्छत्रुषु सहसा नश्यन्ति सर्वजातयः।
बाला वृद्धाश्च गर्भस्था ये च योद्धुं समागताः ॥ ८३ ॥
सर्वे ते नाशमायन्ति मम चैव प्रसादतः।
यथातथं दादिदान्तं जपेत् संहार-सिद्धये ॥ ८४ ॥

अस्त्र निरोध (संहार) भी जानना चाहिये। वह भी अच्छी तरह सुनो ॥ ८१ ॥

हे प्राज्ञ ! इस तरह जानो कि सब अस्त्र-शस्त्र वेद मात्रा युक्त हैं। इनको जिस तरह ग्रहण करोगे उसी तरह कार्य में दीप्यमान होंगे। इन सब अस्त्रों के प्रयोग सुनो। इनमें से पहले ब्रह्मास्त्र के विषय में सुनो ॥ ८२ ॥

अस्त्रों का मंत्र संस्कार

बुद्धिमान व्यक्ति को सर्वप्रथम 'द' आदि से 'द' अन्त तक विपरीत सावित्री (गायत्री) का विधि से जप करना चाहिये। दस खरब संख्या तक जप कर के विधिपूर्वक बाणों को अभिमंत्रित करके शत्रुओं पर सहसा छोड़ना चाहिये। उसके प्रहार से सब जातियाँ नष्ट हो जाती हैं। बालक, वृद्ध, गर्भस्थ शिशु या जो लोग युद्ध करने के लिए आये हुए हों वे सब मेरी (शिव जी) कृपा से नाश को प्राप्त होते हैं। उस ब्रह्मास्त्र के संहार (निरोध) की सिद्धि के लिए पूर्व प्रकार से 'द' आदि 'द' अन्त सावित्री का जप करना चाहिये ॥ ८३-८४ ॥

---

१. वेद मात्रा अर्थात् वैदिक प्रमाण द्वारा प्रमाणित। चार मात्रा, अथवा वेद मात्रा-गायत्री मंत्र, सब मन्त्रों का प्रकाशक और सब शाखा प्रदीपक; इसके द्वारा पवित्र करके अस्त्र प्रयोग करने से अनायास शत्रु का संहार होता है।

२. ॐ देवस्यधीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदे।

ब्रह्मदण्डं[1] प्रवक्ष्यामि प्रणवं पूर्वमुच्चरेत् ।
ततः प्रचोदयाज् ज्ञेयं ततो नो यो धियः क्रमात् ॥
ततो धीमहि देवस्य ततो भर्गो वरेण्यम् ।
सवितुस्तच्च योक्तव्यममुकशत्रुं तथैव च ॥ ८५ ॥
ततो 'हन हन हुं फट्' जप्त्वा पूर्वं द्विलक्षकम् ।
अभिमन्त्र्य शरं तद्वत् प्रक्षिपेच्छत्रुषु स्फुटम् ॥ ८६ ॥
नश्यन्ति शत्रवः सर्वे यमतुल्या अपि ध्रुवम् ।
एतदेव विपर्यस्तं जपेत् संहारसिद्धये ॥ ८७ ॥
ब्रह्मशिरः[2] प्रवक्ष्यामि प्रणवं पूर्वमुच्चरेत् ।
'धियो यो नः प्रचोदयात्' 'भर्गो देवस्य धीमहि'
'तत्सवितुर्वरेण्यम्' शत्रून्मे हन हनेति च ॥ ८८ ॥

अब ब्रह्मदण्ड अस्त्र के विषय में कहूँगा। इसके प्रयोग में पहले 'ॐ' प्रणव का उच्चारण करना चाहिये। उसके पश्चात् ॐ 'प्रचोदयात्' उसके बाद 'नो यो धियः' 'धीमहि देवस्य' भर्गोवरेण्यम्' 'सवितुः' इसके साथ इस प्रकार 'अमुकशत्रुं' जोड़ कर उच्चारण करना चाहिये ॥ ८५ ॥

उसके बाद हन हन हुं फट् यह दो लाख बार जप कर तथा बाण को अभिमंत्रित करके शत्रु के ऊपर बाण छोड़ना चाहिये ॥ ८६ ॥

यम के समान बलवान् शत्रु भी इससे निश्चय ही विनाश को प्राप्त हो जाते हैं। बाण की संहार सिद्धि के लिए इसी को उल्टी विधि से जपना चाहिये ॥ ८७ ॥

अब ब्रह्मशिर अस्त्र के विषय में कहता है। सर्वप्रथम प्रणव (ॐ) का उच्चारण करना चाहिये। 'उसके बाद' धियो यो नः प्रचोदयात्' भर्गोदेवस्य धीमहि 'तत्सवितुर्वरेण्यम् शत्रुन् मे हन हनेति' यह वाक्य उच्चारण करना चाहिये ॥ ८८ ॥

---

१. 'ॐ' प्रचोदयात् नो यो धियः धीमहि देवस्य भर्गो वरेण्यं सवितुः तत् अमुकशत्रुं हन हन हुं फट् ।

२. ॐ धियो यो नः प्रचोदयात् भर्गो देवस्य धीमहि तत्सवितुर्वरेण्यं शत्रून्मे हन हन हुं फट् ।

'हुं फट्' चैवप्रयोक्तव्यं क्षिपेद् ब्रह्मशिरस्ततः ।
पुरश्चर्यां पुरस्कृत्वा त्रिलक्षं नियतः शुचिः ॥ ८९ ॥
नश्यन्ति सर्वे रिपवः सर्वे देवासुरा अपि ।
इदमेव प्रयोक्तव्यः विपर्यस्तं विकर्षणे ॥ ९० ॥

पाशुपतास्त्रम्

अतः परं प्रवक्ष्यामि चास्त्रं पाशुपतन्तव ।
यस्य विज्ञानमात्रेण नश्यन्ति सर्वशत्रवः ॥ ९१ ॥
दादिदान्तां च सावित्रीं प्रोच्य प्रणवमेव च ।
'श्लीं पशुं हुं फट्'[1] 'अमुकशत्रून् हन हन हुं फट् ॥९२॥
जप्त्वा पूर्वं द्विलक्षञ्च ततः पाशुपतं[1] क्षिपेत् ।
पुनस्तदेव व्यस्तं स्यात् संहारेतां नियोजयेत् ॥
एतत् पाशुपतं चास्त्रं सर्वशत्रुनिवारणम् ॥ ९३ ॥

इस वाक्य के साथ 'हुं फट्' इस शब्द को भी जोड़ना चाहिये । तत्पश्चात् ब्रह्मशिरः अस्त्र को छोड़ना चाहिये । तीन लाख बार पुरश्चरण करके एवं पवित्र हो कर यह बाण छोड़ने पर सब देवता हों, राक्षस हों या अन्य शत्रु हों सब नाश को प्राप्त होते हैं । इस अस्त्र के निरोध (संवरण) के लिए उल्टी विधि से पूर्वोक्त मंत्र का जप करना चाहिये ॥ ९० ॥

पाशुपत अस्त्र

अब मैं तुमको पाशुपत अस्त्र के विषय में बताऊँगा जिसके विषय में पूर्ण ज्ञान होने पर शत्रु नष्ट हो जाते हैं ॥ ९१ ॥

'द' आदि और 'द' अन्त में करके सावित्री और प्रणव का उच्चारण करके 'श्लीं पशुं हुं फट् 'अमुक शत्रून् हन हन हुं फट्' यह वाक्य दो लाख बार जप करके तब शत्रु के ऊपर पाशुपत अस्त्र को छोड़ना चाहिये । इस अस्त्र के निरोध (संहरण) के लिए इस मंत्र को उल्टी विधि से जपना चाहिये । यह पाशुपतास्त्र सब शत्रुओं से रक्षा करने और उन शत्रुओं का विनाश करने में समर्थ है ॥ ९२-९३ ॥

पाशुपत

१. ॐ देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदे ॐ श्लीं पशुं हुं फट् अमुकं शत्रुं हन हन हुं फट् ।

वच्मि वायव्यमस्त्रं[1] ते येन नश्यन्ति शत्रवः ।
ओं वायव्यया या वायव्ययान्योर्वाय या वा तथा ।
अमुकशत्रुम् हन हन हुं फट् चैव प्रकीर्त्तयेत् ।
पूर्वमेव तथा जप्त्वा नियुतं द्वितयन्तथा ॥ ९४ ॥
पुनः संहाररूपेण संहारं च प्रकल्पयेत् ।
अस्त्रं वायव्यकं नाम देवानामपि वारणम् ॥ ९५ ॥
आग्नेयं[2] सम्प्रवक्ष्यामि यतः परभयं दहेत् ।
ओमग्निस्त्यता हृद्भूश्च शिवं वनाश्वाविणि च ।
हगादशरूपनः सद वे ति ततः क्रमात् ।
हादति तोयति राम तथा मसो हित्वा वा न ॥ ९६ ॥
सुसेदवेदया च वदेत् । अमुकादींस्ततो वदेत् ।
पूर्वोक्तांश्च पुरश्चर्यां कृत्वा शस्त्रेभियोजयेत् ।
इमं मन्त्रं पुनर्व्यस्तं संहारे चैव योजयेत् ॥ ९७ ॥

अब मैं तुम से वायव्य अस्त्र बताऊँगा जिससे सब शत्रु नष्ट हो जाते हैं। वायव्य या आदि मन्त्र मे 'अमुकं मे शत्रुं हन हन हुं फट्' यह मन्त्र उच्चारण करना चाहिये। दो लाख बार जप करके तब इस संहारक अस्त्र द्वारा शत्रु पर संहार करना चाहिये। यह वायव्य नामक अस्त्र युद्ध क्षेत्र में देवताओं को भी पराजित कर देता है ॥ ९४–९५ ॥

अब आग्नेयास्त्र के विषय में आप को बताता हूँ जिससे शत्रु-भय समूल नष्ट हो जाता है। 'ॐ अग्निस्त्यता हृद्भू शिवं वनाश्विविणि च। हगादशरूपनः सदवा हादति तोयति राममसो हित्वा वान! सुसेदवेदया च वदेत्' इस मन्त्र का पहले उच्चारण करे। उसके बाद 'अमुकशत्रून् हन हन हुं फट् इति' इस वाक्य को पहले वाले वाक्य के साथ जोड़कर इस मंत्र का दो लाख जप कर तब शस्त्र (बाण) को अभिमंत्रित करना चाहिये। बाण के संहरण के लिए इस मंत्र को उल्टी विधि से जपना चाहिये ॥ ९६-९७ ॥

---

१. ॐ वायव्यया या वायव्ययान्योर्वायया वा अमुकं मे शत्रुं हन हन हुं फट् ।

२. ॐ अग्निस्त्यता हृदुभूं शिवं वनाश्विविणि हगादशंरूपनः सदवा हादति तोयति राममसो हित्वा वान सुसेद वेदयाऽमुकं शत्रुं मे हन हन हुं फट् ।

'ॐ' वज्रनखवज्रदंष्ट्रायुधाय महासिंहाय हुं फट्'
पूर्वं जप्त्वा च लक्षं हि नरसिंहञ्च योजयेत् ।
सिंहरूपास्ततो बाणा पतन्ति शात्रवे वने ॥ ९८ ॥

पूर्वोक्तेन प्रकारेण संहारञ्च प्रकल्पयेत् ।
संक्षेपतो महाभाग ! तवोक्तानि महामते ! ।
भेदास्तेषां शिवेनैव ह्यनन्ताः परिकीर्त्तिताः ॥ ९९ ॥

इत्यस्त्रप्रकरणम्

'ॐ वज्रनखवज्रदंष्ट्रायुधाय महासिंहाय हुं फट्' यह मंत्र पहले एक लाख जप करके श्रीनरसिंह का ध्यान करके तब बाण चलाना चाहिये । ये सिंहरूप बाण शत्रु समूह रूपी बन में गिरते हैं और उनको नष्ट कर देते हैं । संहार के लिए पूर्वोक्त विधि से उल्टा जप करना चाहिये । हे महाभाग ! हे बुद्धिमान् विश्वामित्र जी ! मैंने संक्षेप में तुमसे अस्त्रों के विषय में कहा । भगवान् शिव द्वारा इन शस्त्रों के अनन्त भेद बताये गये हैं ।

इति अस्त्रप्रकरण समाप्त

अथौषधिः

हस्तार्के लाङ्गलीकन्दं गृहीतस्तस्य लेपतः ।
शूरस्यापि रणे पुंसो दर्पं हरति कातरः ॥ १ ॥

गृहीत्वा योगनक्षत्रैरपामार्गस्य मूलकम् ।
लेपमात्रेण वीराणां सर्वशस्त्रनिवारणम् ॥ २ ॥

अधः पुष्पी[1] शङ्खपुष्पी[2] लज्जालु[3] गिरिकर्णिका[4] ।
नलिनी[5] सहदेवी[6] च पत्रमोश्चार्कयोस्तथा ॥ ३ ॥

विष्णुकान्ता[7] च सर्वासां जटा ग्राह्या रवेर्दिने ।
बद्धा भुजे विलेपाद्वा काये शस्त्रापवारकाः ॥ ४ ॥

औषधि वर्णन

हस्त नक्षत्र युक्त रविवार को लांगली कन्द (जलपीपल की जड़) ले कर रख ले । कायर पुरुष भी यदि उसको पीस कर (अपने शरीर में) लेप करके श्रेष्ठ वीर से भी बाण युद्ध करे तो वह रण में उस वीर का भी घमंड चूर कर सकता है ॥ १ ॥

पुष्य नक्षत्र में रविवार सिद्ध योग में अपामार्ग (चिरायता) की जड़ ले कर रखें और उसका लेप पूरे शरीर में करने से वीरों के द्वारा चलाये गये सब प्रकार के अस्त्र व्यर्थ हो जाते हैं ॥ २ ॥

अधः पुष्पी, शंखपुष्पी, लज्जालु, गिरिकर्णिका, (अपराजिता), नलिनी, सहदेवी, मुश्चपत्र, अर्कपत्र, विष्णुकान्ता (नील अपराजिता) आदि वृक्षों की जटा का (मूल) रविवार के दिन ग्रहण करके रख ले । उसको भुजा पर बाँधने या शरीर पर लेप करने से शरीर पर शत्रु के समस्त अस्त्र-शस्त्र निष्फल हो जाते हैं ॥ ३–४ ॥

---

१. अधः पुष्पी (औघाहूली)
२. शङ्ख पुष्पी (श्वेत पुष्पी)
३. लज्जालु (लजाधुर)
४. गिरिकर्णिका (अपराजिता)
५. नलिनी (कमलिनी)
६. सहदेवी (सहदेई)
७. विष्णुकान्ता (नीलपुष्पी)

सर्पव्याघ्रादिसत्त्वानां भूतादीनां न जायते।
भीतिस्तस्य स्थिता यस्य मातरोऽष्टौ[1] शरीरके ॥ ५ ॥

गृहीतं हस्तनक्षत्रे चूर्णं छुच्छुन्दरी[2] भवम्।
तत्प्रभावाद्गजः पुंसः सम्मुखं नैति निश्चितम् ॥ ६ ॥

हरिमांसं गृहीत्वा च मार्गेऽश्वानां क्षिपेद्भुवि।
तेन मार्गेण ते चाश्वा नायान्ति ताडनैन वै ॥ ७ ॥

छुच्छुन्दरीश्रीफलपुष्पचूर्णैरालिप्तगात्रस्य नरस्य दूरात्।
आघ्राय गन्धं द्विरदोऽतिमत्तो मदं त्यजेत् केसरिणो यथोग्रम् ॥ ८ ॥

श्वेताद्रिकर्णिका[3] मूलं पाणिस्थं वारयेद्गजम्।
श्वेतकण्टारिकामूलं[4] व्याघ्रादीनां भयं हरेत् ॥ ९ ॥

जिसके शरीर पर अष्ट माताएँ-स्थित रहती हैं उसको सर्प, व्याघ्र आदि हिंसक जन्तुओं से किसी प्रकार का कोई भय नहीं रहता है ॥ ५ ॥

हस्त नक्षत्र में छुच्छुन्दरी (सुनसुनी) वृक्ष का चूर्ण बना कर रख ले। उस चूर्ण के पास में रहने पर उसके प्रभाव से हाथी भी पास नहीं आता है। यह निश्चित है ॥ ६ ॥

हरि (सिंह, व्याघ्र, शृगाल) के मांस को ले कर घोड़ा के आने जाने के मार्ग में फेंक देने से घोड़े मारने पर भी उस मार्ग से नहीं आते हैं ॥ ७ ॥

छुच्छुन्दरी और श्रीफल पुष्प के चूर्णों (केसर) का शरीर पर लेप कर लेने वाले व्यक्ति के शरीर की गंध को सूंघ कर मदमस्त हाथी भी अपनी मदमत्तता को छोड़ देता है ॥ ८ ॥

श्वेत गिरिकर्णिका[2] की जड़ हाथ में रखने से वह हाथी को रोक देता है। श्वेत कंटारिका[3] की जड़ व्याघ्र आदि के भय को दूर करती है ॥ ९ ॥

---

१. ब्राह्मी माहेश्वरी चैन्द्री बास ही वैष्णवी तथा।
कौमारीत्यपि चामुण्डा चर्चिकेत्यष्टमातरः ॥ (मंत्रशास्त्र)

२. छुच्छुन्दरी (केवांच)

३. श्वेतगिरिकर्णिका (सफेद बनमोगरा)

४. श्वेतकण्टारिका (सफेद भटकटैया)

पुष्यार्कोत्पाटिते मूले पाठायाः[१] मुखसंस्थिते ।
देहं स्फुरति नो तीक्ष्णमण्डलाग्रै रणे नृणाम् ॥ १० ॥
गान्धार्य्या उत्तरं मूलं मुखस्थं सन्मुखागतम् ।
शस्त्रौघं वारयेत्तत्र पुष्यार्के विधिनोद्धृतम् ॥ ११ ॥

अथ विधिरुपवासः

शुभ्रायाः परपुङ्खाया[२] जटनीली जटाथवा ।
भुजे शिरसि वक्त्रे वा स्थिता शस्त्रनिवारिका ॥
भूपाहिचोरभीतिघ्नी गृहीता पुष्यभास्करे ॥ १२ ॥

अथ संग्रामविधिः

आदौ तु क्रियते मुद्रा पश्चाद्युद्धं समाचरेत् ।
सर्पमुद्रा कृता येन तस्य सिद्धिर्न संशयः ॥ १३ ॥

पुष्य नक्षत्र रविवार को पाठा[१] (वृद्धकर्णी) की उखाड़ी हुई जड़ को मुख में रख लेने पर युद्ध में तेज तलवार या चक्र धार द्वारा भी योद्धा का शरीर नहीं कटता है ॥ १० ॥

पुष्य नक्षत्र रविवार को विधिपूर्वक गांधारी (धमास, गाम्भी का पेड़) के उत्तर की ओर का मूल उखाड़ कर रख ले । उसको मुंह में रखने पर वह सम्मुख आने वाले शस्त्र को रोक देता है ॥ ११ ॥

उपवासपूर्वकविधि

पुष्य नक्षत्र रविवार को उपवास कर के ली गई सफेद परपुंखा[२] का मूल अथवा जटामांसी या जटानीली का मूल भुजा पर या सिर पर बांधने या मुख में रखने से शत्रुओं द्वारा चलाये गये सब अस्त्र-शस्त्रों का निवारण होता है तथा राजभय, सर्पभय और चोरभय को नष्ट करता है ॥ १२ ॥

संग्राम विधि

संग्राम करने के लिए रण-क्षेत्र में उपस्थित होने पर शत्रु सेना के सामने स्थिर होकर पहले मुद्रा करनी चाहिये । उसके पश्चात् युद्धारम्भ करना चाहिये । :जो सर्वप्रथम सर्प मुद्रा करता है युद्ध में उसकी विजय निश्चित रूप में होती है ॥ १३ ॥

---

१. पाठा (पाढ)   २. परपुङ्खा (शरफों)

श्री रुद्रं ध्यात्वा तन्मन्त्रं जपेत् ।

ओं नमः परमात्मने सर्वशक्तिमते विरूपाक्षाय भालनेत्राय रं हुं फट् स्वाहा। ततो हैमवतीं (दुर्गां) ध्यात्वा प्रणम्य युद्धमारभेत्। ओं ह्रीं श्रीं हैमवतीश्वरीं ह्रीं स्वाहा। ओं ह्रीं वज्रयोगिन्यै स्वाहा। सिंहासनस्थां रुद्राणीं ध्यायेत् ॥ १४ ॥

अपूर्णशत्रुसामग्री पूर्णे वै स्वबलन्तथा।
कुरुते पूर्णस्वस्थो जयत्येको वसुन्धराम् ॥ १५ ॥

पृष्ठे दक्षे योगिनी राहुयुक्ता
यस्यैकोऽयं शत्रुलक्षं निहन्ति ।
अर्कः पृष्ठे दक्षिणे यस्य गाधे !
चन्द्रे वामे सन्मुखे वै निशायाम् ॥

वायु पृष्ठे दक्षिणे यो विदध्यात् ।
योधा शत्रून् नाशयेत्तत्क्षणेन ॥ १६ ॥

रुद्र का ध्यान करके मन्त्र जपना

रुद्र देव का ध्यान करके 'ॐ नमः परमात्मने सर्वशक्तिमते विरूपाक्षाय भालनेत्राय रं हुँ फट् स्वाहा ।' इस मंत्र का जप करना चाहिये। उसके पश्चात् हैमवती दुर्गा देवी का ध्यान प्रणाम करके युद्ध प्रारंभ करना चाहिये। ओं ह्रीं श्रीं हैमवतीश्वरी ह्रीं स्वाहा। 'ओं' ह्रीं वज्रयोगिन्यै स्वाहा। इस मंत्र से सिंह पर सवार रुद्राणी का ध्यान करना चाहिये ॥ १४ ॥

अपूर्ण स्वर द्वारा योधा अपने शत्रु की सामग्री हो जाता है। किन्तु पूर्ण स्वर द्वारा वह अपनी सेना सहित (स्वर तत्त्व द्वारा) अशेष बलयुक्त हो जाता है। इस प्रकार की अवस्था में पूर्ण शक्तिमान एक ही योद्धा सम्पूर्ण पृथ्वी को जीत सकता है ॥ १५ ॥

हे विश्वामित्र ! जिस योद्धा के पृष्ठ भाग में और दक्षिण भाग में (पीछे और दाहिने) राहुयुक्त योगिनी हो वह अकेले ही एक लाख शत्रु को मार सकता है। इसी प्रकार जिस योद्धा के पीछे और दाहिने सूर्य हो या रात्रि के समय चन्द्रमा सामने या बायीं ओर रहे जो वायु को पीछे या दाहिने ओर करे तो वह योद्धा शत्रुओं को तुरन्त नष्ट कर सकता है ॥ १६ ॥

या नाडी वहते चाङ्गे तस्यामेवाधिदेवता।
सन्मुखेऽपि दिशा तेषां सर्वकार्य्यफलप्रदा ॥ १७ ॥
यां दिशं वहते वायुर्युद्धं तद्दिशि दापयेत्।
जयत्येव न सन्देहः शक्रोऽपि यदि चाग्रतः ॥ १८ ॥
सूर्ये पूर्वे चोत्तरे च चन्द्रे पश्चिमदक्षिणे।
सेनापतिर्बलं त्वेवं प्रेषयेन्नित्यमादरात् ॥ १९ ॥
यत्र नाड्यां वहेद् वायुस्तदङ्गे प्राणमेव च।
आकृष्य गच्छेत् कर्णान्तं जयत्येव पुरन्दरम् ॥ २० ॥
प्रतिपक्षप्रहारेभ्यः पूर्णाङ्गं योऽभिरक्षति।
न तस्य रिपुभिः शक्तिर्बलिष्ठैरपि हन्यते ॥ २१ ॥
अङ्गुष्ठतर्जनीवंशे पादाङ्गुष्ठे तथा ध्वनिः।
युद्धकाले च कर्त्तव्यो लक्षयोधाजयी भवेत् ॥ २२ ॥

जो नाड़ी शरीर में चल रही है उसमें उस नाड़ी की अधिष्ठात्री देवता सामने रहती है। सामने उस ओर सामने का भाग करने से वह नाड़ी सब कार्यों में सफलता देने वाली होती है ॥ १७ ॥

जिस ओर से वायु शरीर की ओर बह रहा हो उस 'दिशा की ओर मुंह करके युद्ध करना चाहिये। ऐसा करने से यदि इन्द्र देवता भी सम्मुख होकर युद्ध करें तो भी योद्धा निश्चय ही युद्ध में विजयी होता है ॥ १८ ॥

यदि सूर्य योद्धा के पूर्व या पश्चिम रहे एवं चन्द्रमा यदि पश्चिम या दक्षिण रहे तो सेनापति को अपनी सेना युद्ध में (बिना किसी झिझक के) आदरपूर्वक युद्ध के लिए भेजनी चाहिये ॥ १९ ॥

जिस नाड़ी में वायु प्रवाहित हो उसके अंग में प्राण रहता है एवं उसको कान तक धनुष की डोरी खींच योद्धा को बाण छोड़ने से उससे इन्द्र को भी जीता जा सकता है ॥ २० ॥

जो योद्धा शत्रुओं के प्रहारों से अपने सम्पूर्ण अंगों (पूरे शरीर) की रक्षा करता है बलवान शत्रुओं द्वारा भी उसकी शक्ति नष्ट नहीं की जा सकती (मारा नहीं जा सकता) ॥ २१ ॥

युद्ध काल में अंगूठे और तर्जनी के आगे भाग में एवं पैर के अंगूठे के अग्रभाग में ध्वनि (आवाज) करनी चाहिये। ऐसा करने से योद्धा लाख योद्धाओं को जीतने में समर्थ होता है ॥ २२ ॥

भूतत्त्वे ह्युदरं रक्षेत् पादौ रक्षेज्जलेन च ।
ऊरूश्च वह्नितत्त्वेन करौ रक्षेच्चवायुना ॥ २३ ॥

सूर्य्ये पूर्वे चोत्तरे च मुखं कृत्वा जयेन्नरः ।
चन्द्रे मुखं सदा कुर्याद्दक्षिणे पश्चिमे सुधीः ॥ २४ ॥

चिरयुद्धे शुभश्चन्द्रः शीघ्रयुद्धे रविस्तथा ।
दूर युद्धे जयी चन्द्रः समीपस्थे दिवाकरः ॥ २५ ॥

आकृष्य प्राणपवनं समारोहेच्च वाहनम् ।
समुत्तरेत् पदं दद्यात् सर्वकार्याणि साधयेत् ॥ २६ ॥

न कालो विविधं घोरं न शस्त्रं न च पन्नगाः ।
न शत्रुव्याधिचौराद्याशून्यस्थान्नाशितुं क्षमाः ॥ २७ ॥

जब भी योधा पृथ्वी तत्त्वविद् होगा तभी उसके उदर में चोट लगेगी। अतः पृथ्वी तत्त्वविद् योद्धा को ढाल आदि के द्वारा अपने उदर की रक्षा करनी चाहिये। इसी प्रकार जल तत्त्वविद् योद्धा को दोनों पैरों की रक्षा करनी चाहिये। अग्नि तत्त्वविद् योद्धा को दोनों जांघों की एवं वायु तत्त्वविद् योद्धा को दोनों हाथों की तथा आकाश तत्त्वविद् योद्धा को मस्तक की रक्षा करनी चाहिये (ऐसा करने से योद्धा विजयी होता है) ॥ २३ ॥

योद्धा सूर्य के पूर्व और उत्तर की ओर मुख करके विजय लाभ प्राप्त करता है। बुद्धिमान को चाहिये कि वह चन्द्रमा के दक्षिण और पश्चिम की ओर मुख करके विजय लाभ प्राप्त करे ॥ २४ ॥

चन्द्रमा शुभ हो तो बहुत काल तक युद्ध होता है। सूर्य शुभ हो तो युद्ध शीघ्र समाप्त होता है। दूर युद्ध में चंद्रमा विजय लाभ दिलाता है एवं समीप युद्ध में सूर्य विजयी होता है ॥ २५ ॥

प्राण वायु को कुम्भक द्वारा खींचकर वाहन के ऊपर चढ़ना चाहिये। प्राण वायु को (रेचक द्वारा) छोड़ कर तब बाहन से नीचे पैर रखना चाहिये। इस प्रकार की क्रियाओं द्वारा सब प्रकार के कार्यों की सिद्धि होती हैं ॥ २६ ॥

जो व्यक्ति स्वरशास्त्र के अनुसार शून्य स्वर में प्रयाण करता है उसको अशुभ काल, विभिन्न प्रकार के घोर शस्त्र, सर्प, शत्रु, व्याधि और चोर आदि दुष्ट लोग विनाश करने में समर्थ नहीं होते हैं ॥ २७ ॥

अयनतिथिदिनैशैः स्वीयतत्त्वेऽध्व (च्छ) युक्तो
यदि वहति कदाचिद्दैवयोगेन पुंसाम् ।
स जयति रिपुसैन्यं स्तम्भमात्रस्वरेण,
प्रभवति न च विघ्नं केशवस्यापि लोके ॥ २८ ॥
जीवेन शस्त्रं वध्नीयाज् जीवेनैव विकासयेत् ।
जीवेन प्रक्षिपेच्छस्त्रं युद्धे जयति सर्वदा ॥ २९ ॥
वामनाडश्युदये चन्द्रः कर्त्तव्यो वामसन्मुखः ।
सूर्य्यचारे तथा सूर्य्यः पृष्ठे दक्षिणगो जयेत् ॥ ३० ॥
दीप्ते कार्य्ये नाड़ी परिदिशि जीविता सदा कुर्य्यात् ।
शान्ते च जीवसहितात्वेवं सिद्ध्यन्ति कार्य्याणि ॥ ३१ ॥
तत्त्वबलान्नाडीबलमधिकं प्रोक्तं कपर्दिना नियतम् ।
ज्ञात्वैनं स्वरचारं नरो भवेत् कार्यनिपुणमतिः ॥ ३२ ॥

दैव योग से सूर्य की तिथि-(उत्तरायण) अपने तत्त्व (सूर्य स्वर, अग्नि तत्त्व या वायु तत्त्व से युक्त होने पर) यदि सैनिक (बायें ओर के स्वर-प्रवाह में) युद्ध करने के लिए जाते हुये तत्काल स्वर-स्तम्भन कर शस्त्र चलावे तो वह शत्रु सेना को जीतता है एवं वैकुंठ लोक में भी उसके सामने कोई विघ्न टिक नहीं सकता है ॥ २८ ॥

स्वर द्वारा शस्त्र को बाँधना चाहिये । स्वर द्वारा ही शस्त्र का विकास करना चाहिये । स्वर द्वारा शस्त्रों का प्रक्षेपण करना चाहिये । इससे युद्ध में व्यक्ति की सदा जीत होती है ॥ २९ ॥

बायें ओर स्वर हो (स्वर के उदय होने पर) अर्थात् जब बाईं ओर स्वर चले तो चंद्रमा को बायें या सम्मुख करना चाहिये । सूर्य भ्रमण के समय उसी प्रकार सूर्य को पृष्ठ की ओर या दक्षिण की ओर करना चाहिये ॥ ३० ॥

क्रूर कार्य में नाड़ी को सदा दूसरी दिशा में जीवित रखना चाहिये । शान्त कार्य में नाड़ी के भ्राम्यमान (जीवित) रहने से सब कार्य सिद्ध होते हैं ॥ ३१ ॥

तत्त्व ज्ञान के बल से नाड़ी बल अधिक होता है । इस तथ्य को भगवान् शिव ने स्वयं (परशुराम से) कहा था । स्वरों का संचार (गति) जान कर मनुष्य सदा कार्य करने में कुशल होता है ॥ ३२ ॥

न देयमिति क्रूराय कुबुद्धयेऽशान्ताय
गुरुद्रोहिणेऽभक्तायेति । देयमिति ब्रह्मचारिणे ।
धर्म्मतः प्रजापाल-दुष्टदण्डविधारिणे साधु-
संरक्षकाय इत्येवं प्रवचनं प्रवचनमिति ॥ ३३ ॥

इस युद्ध की शिक्षा कुबुद्धि, अशान्त, गुरुद्रोही और अभक्त व्यक्ति को न देनी चाहिये । ब्रह्मचारी, धर्मानुसार प्रजापालक और दुष्टों को दण्ड देने वाले, साधु-सज्जनों के रक्षक व्यक्ति को इस बल युद्ध का, ज्ञान अवश्य देना चाहिये ॥ ३३ ॥

अथ राहुयुक्ता योगिनीबलयुद्धं व्याख्यास्यामः

प्रतिपन्नवम्यां प्रथमेऽर्द्धयामे राहु-
युक्ता योगिनी पूर्वस्यां दिशि स्थिता भवति ॥ १ ॥

द्वितीया—दशम्यां पञ्चमेऽर्द्धयामे राहु-
सहिता शिवा प्रतीच्यामुदेति ॥ २ ॥

तृतीयैकादश्यां तृतीयेऽर्द्धयामे तमः
संमिलिता पार्वती याम्यां परिभ्रमति ॥ ३ ॥

चतुर्थ्यां द्वादश्यां तु सप्तमेऽर्द्धयामे राहुना
सह नगजा चोत्तरे ज्ञेया ॥ ४ ॥

पञ्चम्यामथ त्रयोदश्यामष्टमे ऽर्द्धयामे
स्वर्भानुयुता गौरी नैऋत्यामटति ॥ ५ ॥

गुहतिथौ चतुर्दश्यां च कात्यायनी
पवनालये चायाति ॥ ६ ॥

अब राहुयुक्त योगिनी की दृष्टि से युद्ध की व्याखया करेंगे ।

प्रतिपदा और नवमी तिथि के प्रथम अर्द्ध प्रहर में राहुयुक्त योगिनी पूर्व दिशा में स्थित रहती है ॥ १ ॥

द्वितीया और दशमी तिथि के पंचमार्ध याम में राहुयुक्त योगिनी पश्चिम की ओर उदित होती है ॥ २ ॥

तृतीया और एकादशी तिथि के तृतीयार्ध प्रहर में राहुयुक्त योगिनी दक्षिण दिशा में भ्रमण करती है ॥ ३ ॥

चतुर्थी और द्वादशी को सप्तम अर्द्ध प्रहर में राहुयुक्त योगिनी उत्तर दिशा में स्थित रहती है ॥ ४ ॥

पंचमी और त्रयोदशी तिथियों के अष्टम अर्द्ध याम में राहुयुक्त योगिनी नैऋत्य कोण में भ्रमण करती है ॥ ५ ॥

षष्ठी और चतुर्दशी तिथियों में राहुयुक्त योगिनी द्वितीयार्द्ध प्रहर में वायव्य कोण में स्थित रहती है ॥ ६ ॥

सप्तमीपूर्णिमायां चतुर्थेऽर्धप्रहरे विधुन्तुदेन
साकं योगिनी ऐशान्यां जानीयात् ॥ ७ ॥
अष्टम्यमायां षष्ठेऽर्द्धयामे रुद्राणी
तमोयुक्ता साग्नेय्यामीक्ष्यते ॥ ८ ॥
द्वितीयेऽर्द्धयामे सैंहिकेययुता
इति राहुयुक्ता योगिनी[1] उपग्राह्या ॥ ९ ॥ (३४)

ततोव्यूहादिभिर्युद्धकथनम्

ये राजपुत्राः सामन्ता आप्ताः सेवकजातयः ।
तान् सर्वानात्मनः पार्श्वे रक्षार्थं स्थापयेन्नृपः ॥ ३५ ॥
परस्परानुरक्ता ये योधा शार्ङ्गधनुर्धराः ।
युद्धज्ञास्तुरगारूढास्ते जयन्ति रणे रिपुन् ॥ ३६ ॥
एकः कापुरुषो दीर्णो[2] दारयेन्महतीञ्चमुम् ।

सप्तमी और पूर्णिमा तिथियों में चतुर्थ अर्द्ध प्रहर में राहुयुक्त योगिनी ईशान कोण में रहती है ॥ ७ ॥

अष्टमी और अमावास्या तिथियों में षष्ठार्द्ध प्रहर में राहुयुक्त योगिनी आग्नेय कोण में स्थित रहती है ॥ ८ ॥

इस तरह राहुयुक्त योगिनी भ्रमण वृत्तान्त भी ग्रहण करना चाहिये ॥ ९ ॥ (३४)

व्यूह आदि युद्ध वर्णन

राजा को चाहिये कि वह अपनी रक्षा के लिए राजपुत्रों, सामन्तों; विश्वस्त सेवकों को अपने समीप (अगल-बगल) स्थापित करे ॥ ३५ ॥

जो परस्पर अनुरागी, युद्ध कला मर्मज्ञ, अश्वारोही होते हैं वे युद्ध में शत्रुओं को जीतते हैं। राजा ऐसे योद्धाओं को अपनी सेवा में रखे ॥ ३६ ॥

एक कायर और भयग्रस्त सेनानायक अपनी विशाल वाहिनी को भी

---

१. योगिनी पृष्ठ और बाम भाग में शुभ होती है ।
पृष्ठे च शुभदा प्रोक्ता वामे चैव विशेषतः ।
योगिनी सा भवेन्नित्यं प्रमाणे शुभदा नृणाम् ॥

२. दीर्णः भीतः । इति मेदिनी ।
एको दीर्णो दारयति सेनां सुमहतीमपि ।
तां दीर्णामनुदीर्यन्ते योधाः शूरतरा अपि । महाभारत ६।३।७६

तद्दीर्णामनु दीर्य्यन्ते योधाः शूरतमा अपि ॥ ३७ ॥
अतो वै कातरं राजा बलेनैव नियोजयेत् ।
द्वाविमौ पुरुषौ लोके सूर्य्यमण्डलभेदिनौ ॥ ३८ ॥

परिव्राड्योगयुक्तश्च रणे चाभिमुखोहतः ।
यत्र यत्र हतः शूरः शत्रुभिः परिवेष्टितः ॥ ३९ ॥
अक्षयं लभते लोकं यदि क्लीवं न भाषते ॥ ४० ॥

मूर्छितं नैव विकलं नाशस्त्रं नान्ययोधिनम् ।
पलायमानं शरणं गतश्चैव न हिंसयेत् ॥ ४१ ॥

भीरुः पलायमानोऽपि नान्वेष्टव्यो बलीयसा ।
कदाचिच्छूरतां याति शरणे कृतनिश्चयः ।
संभृत्य महतीं सेनां चतुरङ्गां महीपतिः ॥ ४२ ॥
व्यूहयित्वाग्रतः शूरान् स्थापयेज्जयलिप्सया ।
पृष्ठेन वायवो वान्ति पृष्ठे भानुवयांसि च ॥ ४३ ॥

हरवा देता है। उस तितर-बितर हुई वाहिनी को बड़े-बड़े शूर योद्धा भी फिर नियन्त्रित नहीं कर पाते हैं ॥ ३७ ॥

अतः राजा को चाहिये कि वह कायर सेनापति को सेना में नियुक्त न करे। युद्ध क्षेत्र में वीरतापूर्वक बढ़ते हुए प्राण त्याग करने वाले योद्धा और योगयुक्त सन्यासी सूर्य मंडल को भेद कर सीधे स्वर्ग लोक में जाते हैं। शत्रुओं से घिर जाने पर दीन वाणी न बोलकर लड़ते हुए शूर लोग बीरगति को प्राप्त होते हैं तो वे अक्षय लोक में सादर स्थान पाते हैं ॥ ३८-४० ॥

रण क्षेत्र में मूर्छित (बेहोश), विकलाङ्ग, अस्त्र-शस्त्र रहित, अन्य योद्धा के साथ युद्धरत, भागने वाले और शरणागत योद्धाओं का बध न करना चाहिये ॥ ४१ ॥

बलवान् योद्धा को चाहिये कि वह डरे हुए (डरपोक) और भागने वाले सैनिक की खोज न करे और न उनका बध करे। शरणागत सैनिक को शरण देनी चाहिये। यदि कदाचित् वह युद्ध करने की इच्छा करे तो उसकी व्यवस्था करनी चाहिये ॥ ४२ ॥

युद्ध क्षेत्र में विजय की इच्छा रखने वाले राजा को चाहिये कि वह विशाल चतुरंगिनी (हाथी, घोड़ा, पैदल, रथ) सेना को सम्मिलित कर

अनुप्लवते मेघाश्च यस्य तस्य रणे जयः।
अपूर्णेनैव मर्त्तव्यं सम्पूर्णेनैव जीवनम् ॥ ४४ ॥
तस्माद्धैर्य्यं विधायैव हन्तव्या परवाहिनी।
जिते लक्ष्मी मृते स्वर्गः कीर्त्तिश्च धरणीतले ॥ ४५ ॥
तस्माद्धैर्यं विधायैव हन्तव्या परवाहिनी।
अधर्म्मः क्षत्रियस्यैषः यद् व्याधि मरणं गृहे।
यदाजौ निधनं याति सोऽस्य धर्म्मः सनातनः ॥ ४६ ॥

अथ व्यूहानाह

युवास्वरे मध्यसेना युद्धं कुर्य्यादतन्द्रिता।
द्वे सेने पार्श्वयोश्चैका पृष्ठतो रक्षयेत् सदा ॥
एकां विकटसेनान्तु दूरस्थां भ्रामयेद् युधि ॥ ४७ ॥
दण्डव्यूहश्च शकटो वराहो मकरस्तथा।
सूचीव्यूहोऽथ गरुडः पद्मव्यूहादयो मताः ॥ ४८ ॥

युद्ध व्यूह बना कर सबसे आगे चारों ओर साहसी शूरों को स्थापित करे। जिस राजा के युद्ध काल में पीछे की ओर से वायु प्रवाहित हो, या पीठ की ओर सूर्य देव रहें अथवा कौए उड़ रहे हों अथवा मेघ गरज रहे हों उसकी विजय होती है ॥ ४३-४४ ॥

योद्धाओं को शत्रु सेना को हराये बिना मारना नहीं चाहिये। सम्पूर्ण शत्रु सेना के विनाश करने में ही अपना जीवन समझना चाहिये। जीतने पर लक्ष्मी, मरने पर स्वर्ग और पृथ्वी पर (इस लोक में) कीर्ति प्राप्त होती है। इसलिए धैर्य धारण कर शत्रु सेना का बध करना चाहिये। रोगग्रस्त हो कर घर में मरना यह क्षत्रिय का धर्म नहीं (अधर्म) है। क्षत्रिय जो युद्ध क्षेत्र में लड़ कर वीर गति (मरण) को प्राप्त होता है, यह उसका सनातन धर्म है ॥ ४४-४६ ॥

व्यूह वर्णन

युवा स्वर युक्त मध्य सेना को आलस्य रहित होकर युद्ध करना चाहिये। दोनों पार्श्व में एक एक पार्श्वसेना रहे। उनके पीछे के भाग में एक पृष्ठ-सेना हो जो कि सदा रक्षा करे। एक विकट सेना युद्ध क्षेत्र में अपनी ओर दूर पर स्थित रहे जो केवल भ्रमण करती रहे ॥ ४७ ॥

दण्ड व्यूह, शकट व्यूह, बराह व्यूह, मकर व्यूह सूची व्यूह, गरुड़ व्यूह, पद्म व्यूह आदि व्यूह होते हैं ॥ ४८ ॥

एतान् व्यूहान् परिव्यूह्य सेनापतिर्वसेत् सदा।
बलाध्यक्षादिकान् सर्वान् सर्वदिक्षु नियोजयेत् ॥

ततो दण्डव्यूहः

सर्वतोभये दण्ड-व्यूह-रचनाकार्या ॥ ४९ ॥

पृष्ठतो भये शकटव्यूहम्

पश्चाद्देशे भये समुत्पन्ने शकटाकारेण व्यूहं रचयेत्।
पार्श्वभये वराहव्यूहो गरुडव्यूहो वा विधेयः॥ ५०॥

दक्षिणवामपार्श्वयोर्भये उपस्थिते
वराहव्यूहो गरुडव्यूहो वा कार्य्यः ॥

अग्रतोभये पिपीलिकाव्यूहम्

सन्मुखे शत्रुभये जाते पिपीलिका पंक्तिरूपः
व्यूहविन्यासः कार्य्यः।
स्वल्पा युद्धं कुर्यात् वह्वी सेना च सर्वतो
भ्रमेत्, सम भूमौ चाश्ववारा युद्धं कुर्य्युः।
जले करि तुम्बी दृतिं नौकाभिर्युद्धं विधेयम्।

इन व्यूहों को जान-समझ कर सेनापति युद्ध के लिए उचित व्यूहों का निर्माण कर के बलाध्यक्ष आदि सबको सब दिशाओं में नियोजित करे और स्वयं सदा उपस्थित रहे ॥ ४९ ॥

दण्ड व्यूह

चारों ओर से भय होने पर दण्ड व्यूह की रचना करनी चाहिये ॥ ५० ॥

शकट व्यूह

पीछे की ओर से भय होने पर शकट व्यूह की रचना करनी चाहिये। पार्श्व (किसी एक बगल) से भय होने पर गरुड व्यूह रचे। दक्षिण और बाम दोनों पार्श्व से भय उपस्थित होने पर वराह व्यूह या गरुड़ व्यूह करना चाहिये ॥

पिपीलिका व्यूह

सामने की ओर से शत्रु भय होने पर पिपीलिका (चींटी) की पंक्ति के समान व्यूह करना चाहिये।

छोटी या कम सेना युद्ध करे। विशाल सेना चारों ओर भ्रमण करे। समतल भूमि पर घुड़सवार युद्ध करें। जल में हाथी, तुम्बी, मसक और

पदातयो भुशुण्डीं गृहीत्वा वा धनूंषिचादाय
वने वृक्षेष्वन्तर्धाना वाऽऽरूढा भूत्वा युद्धयत ।
स्थले चर्मखड्गभल्लैर्युद्धयत । युद्धाहङ्कारिण
स्तुङ्गा अग्रे स्थाप्याः अन्ये पश्चात् ॥ ५१ ॥

अथ सेनानयः

तत्रादौ व्याकरणशिक्षां वक्ष्यामो राज्ञे ।
नृपतिर्लोटलकारस्य कुर्य्यात् कण्ठस्थितानि च ।
रूपाणि कार्यसिद्ध्यर्थं ह्याज्ञैषा मम गाधिज !
मध्यमपुरुषस्यैव प्रयोगान्यो विचिन्तयेत् ॥ ५२ ॥
सेनानीः प्रतिदिनं सम्यङ् न केनापि स हन्यते ।
मध्यमपुरुषोद्भूताः प्रयोगाः सर्वसिद्धिदाः ।
तैरेव साधयेद्राज्ञां पुरुषा राजभृत्यकाः ॥ ५३ ॥

पदातिक्रमः

समोच्चा द्विपदा ग्राह्या ह्रसमाना कदाचन ।

नौका द्वारा युद्ध करना चाहिये । पैदल सेना बन्दूक लेकर अथवा धनुष-बाण लेकर बन या वृक्ष की आड़ में छिप कर या वृक्ष पर चढ़ कर युद्ध करे ।

स्थल प्रदेश में ढाल, तलवार और भाला, बरछी आदि द्वारा युद्ध करना चाहिये । युद्ध प्रेमियों साहसी योद्धाओं को आगे रखना चाहिये । अन्यान्य सेना को उनके पीछे रखना चाहिये ॥ ५१ ॥

सैन्य शिक्षा के नियम

सैन्य शिक्षा के पहले राजा के लिए व्याकरण शिक्षा कहता हूँ । हे विश्वामित्र ! राजा को चाहिये कि वह धातुओं के लोट् लकार के रूपों को कार्य सिद्धि के लिए याद (कंठस्थ) करें । यह मेरी (महादेव जी की) आज्ञा है । मध्यम पुरुष के ही रूपों का उनके प्रयोगों सहित जो भलीभांति प्रतिदिन चिन्तन करे ऐसा सेनानी किसी के द्वारा मारा नहीं जा सकता । मध्यम पुरुष से उत्पन्न प्रयोग सब सिद्धियों को देने वाले हैं । अतः राज-पुरुषों को चाहिये कि वे उनको कण्ठस्थ करें और उनके द्वारा युद्ध में विजय-लाभ प्राप्त करें ॥ ५२-५३ ॥

पदातिक्रम

पैदल सेना के सैनिक समान ऊंचे हों । ऊंचे नीचे न हों । कूदने और

कूर्दने धावने ये वै समास्ते कार्य्यसाधकाः ॥ ५४ ॥
पश्चाद् गमनं स्थिरीकरणं शयनं धावनं तथा ।
चलनं परसेनायां पार्श्वदिक्षु च कारयेत् ॥ ५५ ॥
षष्ठ स्थाने ग्रहा येषां क्रूराः पापाः पतन्ति हि ।
ते युद्धे युद्धयतां वीरा नान्ये कार्यकरा यतः
व, भ, ध, ड, छ, क वर्णा ह्यादिमायां प्रकल्प्य
तदनु हि अच वर्णा आदिकाः सर्वलेख्याः
उपरिगतभवांस्तान् स्थाप्य सर्वान् क्रमेण
भवति च युवयस्या युद्धयतां सा प्रसेना ॥ ५६ ॥

उदाहरणम्

यथा–विवस्वान्, भरतः, धन्धमारः, डित्थः, छत्रपतिः, कुक्षिः
अस्या वस्त्राणि पीतानि ध्वजापीता च तद्भति ।
युद्धयूपस्तथा पीतश्चतुरस्त्राङ्कसंयुतः ॥ ५७ ॥

दौड़ने में जो सम (एक समान) सैनिक होते हैं वे ही कार्यसाधक होते हैं ॥ ५४ ॥

इन लोगों को पश्चात् गमन, स्थिरीकरण, शयन, धावन तथा शत्रु सेना में पार्श्व दिशाओं द्वारा प्रवेश आदि कराना चाहिये ॥ ५५ ॥

जिनके छठें स्थान में क्रूरग्रह रवि और मंगल तथा पापग्रह शनि, राहु और केतु होते हैं वे वीर लोग युद्ध क्षेत्र में युद्ध करते हैं। अन्य योद्धा युद्ध कार्य में योग्य नहीं होते हैं। अथवा व, भ, ध, ड, छ, क ये सब अक्षर पहले सेना में लिख कर इसके पश्चात् अच् (स्वर) वर्ण आकारादि सब लिखना चाहिये। उसके ऊपर व्यञ्जन और स्वर वर्ण आदि क्रम से रखने से जिस सेना का युवा स्वर होता, है वह सेना अग्रगामी होकर युद्ध करे ॥ ५६ ॥

उदाहरण

जैसे-विवस्वान, भरत, धन्धमार, डित्थ, छत्रपति, कुक्षि आदि अक्षर युक्त नामधारी, योद्धाओं की प्रथम सेना युवा स्वर में युद्ध करे तो निश्चय ही विजय प्राप्त होती है। इस सेना का वस्त्र पीले रंग का और ध्वज पीले रंग का, युद्ध का यूप भी पीले रंग का होता है, वह पीला ध्वज और चतुष्कोण चिह्न-युक्त युद्ध यूप (स्तम्भ) जिस स्थान पर गाड़ कर युद्ध किया जाय वहीं पर सेना युद्ध में टिकी रहती है अर्थात् पराजित न हो कर अटूट रहती है ॥ ५७ ॥

श्वेतरक्तहरितकृष्णाश्चान्या सेना हित्वादिवत् ।
कर्त्तव्यापार्थिवैर्नित्यं जयलाभसुखेच्छुभिः ॥ ५८ ॥
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च चन्द्रसूर्य्यौ यथाक्रमम् ।
अधीशाः पञ्चसेनानां विज्ञेयाः शृणु गाधिज ! ॥ ५९ ॥
ब्रह्मा रुद्रबले जीयाद्विष्णुश्चन्द्रबले जयेत् ।
रुद्रः सूर्यबलं प्राप्य चन्द्रो ब्रह्मबलं युधि ।
सूर्यो विष्णुबलं लब्ध्वा जयेच्चैव न संशयः ॥ ६० ॥
अ ब्रह्मा विष्णुरिरुद्र उश्चन्द्रत्वे च भास्करः ।
ओ ज्ञेयो पार्थिवैर्नित्यं अस्त्रशस्त्रविचक्षणैः ॥ ६१ ॥
प्राप्य स्वं स्वं बलं सेना पूर्वोक्ता युद्धगा यदि ।
क्षणार्द्धेनारीन् सर्वान् मारयन्तीति रुद्रवाक् ॥ ६२ ॥

अथाश्वक्रमः

मण्डलं चतुरस्रञ्च गोमूत्रश्चार्द्धचन्द्रकम् ।

पहली सेना को छोड़ कर अन्य पांच प्रकार की सेना विजयेच्छु राजाओं द्वारा की जानी चाहिये । उनमें श्वेत, रक्त, हरित और कृष्ण इन चार रंगों वाली तथा एक साधारण रंग वाली, इस प्रकार कुल पांच प्रकार की सेनाएँ हों ॥ ५८ ॥

हे विश्वामित्र ! ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, चन्द्र और सूर्य क्रमशः उन पांच सेनाओं के अधिपति जानना चाहिये ॥ ५९ ॥

ब्रह्मा रुद्र बल से जीतते हैं । विष्णु चन्द्र के बल से जीतते हैं । शिव सूर्य का बल पा कर और चन्द्रमा ब्रह्म बल पा कर एवं सूर्य विष्णु बल पा कर युद्ध में विजयी होते हैं । इसमें सन्देह नहीं ॥ ६० ॥

(अ) ब्रह्मा (इ) विष्णु (ऊ) रुद्र (ए) चन्द्र (ओ) सूर्य इन सब को अस्त्र-शस्त्र विद्या में विलक्षण राजाओं को जानना चाहिये ॥ ६१ ॥

पूर्वोक्त नियम के अनुसार सेनाएँ अपनी अपनी क्षमता प्राप्त करके यदि रण क्षेत्र में युद्ध करने जायें तो अर्ध क्षण में शत्रु सेना को मार डालती हैं । यह भगवान् रुद्र का बचन है ॥ ६२ ॥

अश्वक्रम

गोलाकार, चतुष्कोण, गोमूत्राकार, अर्द्धचन्द्राकार, नागपाश इन यंत्र

नागपाशक्रमेणैव भ्रामयेत् कटपञ्चकम् ॥ ६३ ॥

अथ हस्तिक्रमः

गजानां पर्वतारोहणम्, जलगमनम, धावनम्, उत्थानम्, उपवेशनम्, अलातचक्रादिभिर्भीतिनिवारणम् कार्य्यम् ॥

रथक्रमः

रथाश्वसाधनन्तु, समादिस्थले विधेयम् ॥

अथ सेनापतिकरणविधिं वक्ष्यामः

शृणु भो राजर्षे विश्वामित्र ! आकारबिद्यावलयुक्तं
क्षत्रियसेनापतिं विदध्यात् । तस्यैते
नियमाः समस्तवाहिनीं एकदृष्ट्यावलोकयेत् ।
अन्यत् सर्वान् पदातीन् परिश्रमसदृशमधिकारं दद्यात् ।
व्यूहरचनायामतिनिपुणाश्च भवेत् स एव
सेनानीर्विधेयः । इति ।

क्रम द्वारा (प्रणाली से) घोड़ों को युद्ध की शिक्षा देनी चाहिये (जिससे वे युद्ध क्षेत्र में अटक न सकें) ॥ ६३ ॥

हस्तिक्रम

हाथियों को पर्वत पर चढ़ना, जल में प्रवेश करना, दौड़ना, उठना, बैठना तथा अलात चक्र (उल्मुक) आदि के द्वारा भय दूर करने की शिक्षा देनी चाहिये ॥

रथक्रम

रथ आदि के द्वारा घोड़ों को समतल भूमि में चलने की शिक्षा देनी चाहिये ॥

सेनापति के चयन की विधि

हे राजर्षि विश्वामित्र ! सुनो । शरीर के आकार, विद्या और बल-युक्त क्षत्रिय को सेनापति नियुक्त करना चाहिये । सेनापति का यह कर्त्तव्य है कि वह समस्त सेना को समदृष्टि से देखे (किसी के साथ पक्षपात न करे) । अन्यान्य पैदल सेना को परिश्रम के अनुसार अधिकार देना चाहिसे । जो व्यूह रचना में अतिनिपुण हो उसको ही सेनानी बनाना चाहिये ॥

अथ शिक्षा

तत्रादौ पठनपाठनविधिं ब्रूमः । आदौ क्षात्रकोश-व्याकरणसूत्राण्यध्येतव्यानि, द्वावध्यायौ सप्तमाष्टमौमनोर्मिताक्षराव्यवहाराध्यायश्च जयार्णव-विष्णुयामलविजयाख्यस्वरशास्त्राण्यपराणि च पठितव्यानि ततः सरहस्यं धनुर्वेदमापठेत् ॥

हन्तव्याहन्तव्योपदेशः

सुप्तं प्रसुप्तमुन्मत्तं ह्यकच्छं शस्त्रवर्जितम् ।
बालं स्त्रियं दीनवाक्यं धावन्तं नैव घातयेत् ॥ ६४ ॥
धर्मार्थं यः त्यजेत् प्राणान् किं तीर्थे च जपे च किम् ।
मुक्तिभागी भवेत् सोऽपि निरयं नाधिगच्छति ॥६५॥

शिक्षा

सर्वप्रथम पठन पाठन विधि को बताते हैं । सर्वप्रथम क्षात्र कोश (समर शास्त्र का कोश) और व्याकरण सूत्रों को अध्ययन करना चाहिये । मनु संहिता का सातवां और आठवां अध्याय, याज्ञवल्क्य स्मृति पर मिताक्षरा टीका व्यवहार अध्याय, युद्धजयार्णव, विष्णुयामल, विजयाख्य तंत्र, स्वर शास्त्र तथा अन्य आवश्यक ग्रन्थों को पढ़ना चाहिये । उसके बाद रहस्य सहित धनुर्वेद को (गुरु के मुख से) अध्ययन एवं तदनुसार अभ्यास करना चाहिये ॥

मारने न मारने के सम्बन्ध में उपदेश

जो सोया हुआ हो, गाढ़ निद्रा में हो, जो नशे में पागल हो और अधोवस्त्र खुल गये हों, जो निरस्त्र-शस्त्र हो, जो बालक हो, स्त्री हो, जो दीन बाणी बोल रहा हो या रण स्थल से भाग रहा हो, उसको नहीं मारना चाहिये ॥ ६४ ॥

जो व्यक्ति धर्मार्थ (युद्ध क्षेत्र में अथवा अन्य किसी कार्य में) अपना प्राण त्याग करे उसके तीर्थ जाने और जप आदि करने की आवश्यकता नहीं है । वह तो सीधे मुक्ति (मोक्ष) पाता है । वह नरक नहीं जाता ॥ ६५ ॥

ब्राह्मणार्थे गवार्थे वा स्त्रीणां बालवधेषु च ।
प्राणत्यागपरो यस्तु स वै मोक्षमवाप्नुयात् ॥ ६६ ॥

इति श्रीमहर्षिवशिष्ठप्रणीता (वाशिष्ठी) धनुर्वेदसंहिता ॥

जो ब्राह्मण, गाय, स्त्री और बालक का प्राण बचाने के लिए अपना प्राण त्याग देता है वह मोक्ष प्राप्त करता है ॥

श्रीमहर्षि वशिष्ठ प्रणीत धनुर्वेदसंहिता समाप्त ।

कठिन शब्दों के अर्थ

फल–बाण के अग्रभाग में लगा हुआ लोहे का शल्य ।

शार्ङ्ग–सींग का बना हुआ धनुष ।

प्रमाण–नाप ।

मानुष धनुष–मनुष्य के धारण करने योग्य धनुष ।

यौगिक धनुष–प्रारंभ में अभ्यास करने योग्य धनुष ।

युद्ध चाप–युद्ध करने योग्य धनुष ।

पर्व–पोर, गाँठ

बाह्याभ्यन्तरहस्तकम्–ऐसा धनुष जिसके खींचते समय हाथ बाहर हो जाय या भीतर ही रह जाय ।

गलग्रन्थि–गले में गाँठ

तलग्रन्थि–नीचे भाग में गाँठ

गुणहीन–जिस डोरी में कुछ दोष हो जैसे, पतली, कमजोर, छोटी आदि ।

गुणाक्रान्त–धनुष का भार डोरी से अधिक हो ।

पट्टसूत्र–रेशम ।

पुंख–बाण में लगने वाले पंख जो पिछले भाग में लगते हैं ।

लेप–पक्का पानी चढ़ाना ।

नाराच–लोहे का बना बाण ।

नालीक–गोली ।

स्थान–पैतरा ।

गुणमुष्टि–धनुष की डोरी को मुट्ठी बाँध कर पकड़ने की विधि ।

शीघ्रसंधान–फुर्त्ती से बाण चलाना ।

श्रमक्रिया–अभ्यास ।

धनुर्मुष्टि–मुट्ठी से धनुष पकड़ने की विधि ।

प्राविधिकपदानां भेदादिवर्णनम्

चापम्
- युद्धचापम्
- यौगिकम्

धनुर्वेदस्यपादाः
—दीक्षा
—प्रयोगविषयः
—संग्रहः
—सिद्धप्रयोगः
फलम्
—अर्द्धचन्द्रकम्
—आरामुखम्
—कर्णिकम्
—काकतुण्डम्
—क्षुरप्रम्
—गोपुच्छकम्
—द्विभल्लकम्
—भल्लम्
—वत्सदन्तम्
—सूचीमुखम्
युद्धज्ञाः
—आचार्यः
—गणकः
—भार्गवः
—योधः

युद्धानि
कुन्तम्
क्षुरिका
खड्गः
गदा
चक्रम्
धनुः
बाहुः
लक्ष्यम्
चलम्
चलाचलम्
द्वयचलम्
स्थिरम्
वर्जितधनुः
अष्टपर्वं
चतुःपर्वं
षट्पर्वं
गलग्रन्थि
तलग्रन्थि
वेधत्रयम्
पुष्पवेधः
मत्स्यवेधः
मांसवेधः

व्यायाः
—कैशिकः
—भरतः
—वत्सकर्णः
—सात्विकः
—स्कन्धः
व्यूहक्रमाः
—अश्वः
—पदातिः
—रथः
—हस्तिः
व्यूहानि
—गरुडव्यूहम्
—दण्डव्यूहम्
—पद्मव्यूहम्
—पिपीलिकाव्यूहम्
—मकरव्यूहम्
—वराहव्यूहम्
—शकटव्यूहम्
—सूचीव्यूहम्
शरगतयः
—भ्रमरी
—मीनपुच्छा
—सूचीमुखा

शब्दप्रकारः
—स्त्रीः
—पुमान्
—नपुंसकः
कुशबाणलक्षणम्
—त्रिपर्वं
—नवपर्वं
—पञ्चपर्वं
—सप्तपर्वं
स्थानानि
—असमपादम्
—आलीढम्
—गरुड़क्रमम्
—दर्दुरस्थानम्
—पद्मासनम्
—प्रत्यालीढम्
—विशाखम्
—समपादम्

शरफलानां स्वरूपाणि

श्लोकाः ६४–६७   पृष्ठं १४–१५

भीमदुर्योधनयोः गदायुद्धम् पृष्ठं ३

मेघनादवधः पृष्ठं ३

चक्रव्यूहः पृष्ठ ५५

प्रथमारम्भव्यूहः श्लोकः ४८ पृष्ठं ५५

दण्डव्यूहः पृष्ठं ५६

पृष्ठतोभये शकटव्यूहम् श्लोकः ५० पृष्ठं ५६

पार्श्वमयेवराहव्यूहः श्लोकः ५० पृष्ठं ५६

गरुडव्यूहः श्लोकः ५० पृष्ठं ५६ सूचीव्यूहः पृष्ठं ५५

मकरव्यूहः श्लोकः ४८ पृष्ठं ५५

मकरव्यूहः

पिपीलिकाव्यूहम् पृष्ठं ५६

पद्मव्यूहम् पृष्ठं ५५

अनुक्रमणिका

प्रधान शाखा :

फोन (दु.) ३२०४१४
(घर) ३३५१११

चौखम्भा संस्कृत भवन

पोस्ट बाक्स नं. ११६०
चौक (दी बनारस स्टेट बैंक बिल्डिंग)
वाराणसी - २२१००१ (भारत)